
राष्ट्रीय
एकता
राजेश अग्रवाल

''राश्ट्रीय एकता'' का यह द्वितीय संस्करण 2015 में प्रकाषित हो रहा है। प्रथम संस्करण जनवरी 1992 में प्रकाषित हुआ था। इस पुस्तक में प्रकाषनार्थ जिन महानुभावों के लेख,कविताएं एवं संदेष हमें प्राप्त हुए थे उन सभी के हम आभारी हैं ।

आदरणीय बलराज मधोक जी जैसे महान विभूति का लेख प्रकाषित करते समय हमें एक विषेश प्रकार के गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि कष्मीर मामले के वे जीवित गवाह हैं और इस विशय पर वे अपना लेख टाइप किये हुए की अपेक्षा हस्तलिखित ही प्रेशित करना उचित समझे। इसका उल्लेख भी पत्र में उन्होंने किया। उनके प्रत्येक षब्द में उनकी महानता की झलक के दर्षन कर हम गौरव का अनुभव करते हैं। अपेक्षा है कि हम सब उनकी देषभक्ति से प्रेरणा प्राप्त करेंगे। आदरणीय बलराज मधोक भाजपा से पूर्व की जनसंघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। अ.भा. विद्यार्थी परिशद,जम्मू की प्रजा परिशद एवं जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। रा. स्व. संघ से एवं षिक्षा जगत से उनका निकट का संबंध रहा है।

कवि एवं स.पा. सांसद उदय प्रताप सिंह प्रकृति को माध्यम बनाकर जीवन की सच्चाइयों को अपनी कवितों में उतारते हैं। प्रकाषनार्थ कविता प्रेशित करते हुए उन्होंने पत्र में लिखा था कि वे भाजपा की नीतियों से असहमत हैं और समाजवादी पार्टी के सांसद हैं। परन्तु राश्ट्रीय एकता एक ऐसा विशय है जिस पर हमें व्यक्तिगत एवं संस्थागत बातों से ऊपर उठ कर सोंचने और करने की आवष्यकता है।

कवि के उक्त षब्दों की झलक आज हम अपने अधिकांष नेताओं में अलग प्रकार से देखते हैं। वे भी समय समय पर एक हो जाते हैं परन्तु राश्ट्र की समृद्धि और राश्ट्रीय एकता की अपेक्षा अपने अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिये अधिक।

छत्तीसगढ़ के वरिश्ठ पत्रकार श्री रमेष नैयर का लेख ''गीताः विष्व समुदाय का जीवन–षास्त्र'' भी राश्ट्रीय एकता की श्रृखला को मजबूती प्रदान करता है। रामकृश्ण मिषन छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रमुख स्वामी सत्य रूपानंद जी महाराज इस लेख की प्रषंसा करते हुए लेखक को आषीर्वाद प्रदान कर चुके हैं। उल्लेखनिय है कि इस पुस्तक के संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल के भी आत्मीय संबंध स्वामी जी से रहे हैं जब वे विद्यार्थी जीवन में संघ के स्वयंसेवक रहते हुये विवेकानंद आश्रम की स्थापना रायपुर में करने हेतु संघर्शरत थे।

श्री गुमान मल लोढ़ा राजस्थान एवं असम के मुख्य न्यायाधीष रह चुके हैं। आपके अनेक निर्णय ऐतिहासिक रहे हैं। सुप्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी श्री चेतन चौहान अमरोहा उ.प. से भाजपा के सांसद रह चुके हैं। कवि ब्रजभूशण सिंह आपके मांमा हैं ।

रायपुर के पूर्व जिलाधीष एवं म.प्र. के पूर्व सचिव श्री सुषील चन्द्र वर्मा के विचार भी इसमें प्रकाषित हैं। युवकों के प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय दिलीपसिंह जूदेव जी के प्रयासों से सरगुजा क्षेत्र के हजारों आदिवासी जो इसाई मिषनरियों के छलकपट से इसाई बने थे पुनः अपने हिन्दूधर्म में घर वापसी मुहिम के तहत लौटे हैं। हिन्दू हित के लिए सदैव सब कुछ करने को तत्पर रहे रायपुर के स्वर्गीय कुन्तल कुमार चौहान एडव्होकेट की चर्चा जूदेव जी के साथ होना स्वाभाविक है।

रायगढ़ के वर्तमान विधानसभा सदस्य श्री रोषन लाल अग्रवाल का अपने क्षेत्र के लोगों के हित के लिए सदैव जूझते रहना स्वभाव बन चुका है।

माखनलाल चतुर्वेदी राश्ट्रीय पत्रकारिता वि.वि. भोपाल के पूर्व महानिदेषक श्री राधेष्याम षर्मा 'युगधर्म' दैनिक एवं अंग्रेजी दैनिक ''ट्रिव्यून'' से भी जुड़े रहे हैं।

छद्म धर्म निरपेक्षता के प्रबल विरोधी कानपुर के अंसार कंबरी जी की राम पर लिखी कविताएं सम्पूर्ण देया में चर्चित हैं। सर्वश्री रामेष्वर षुक्ल अंचल, माणिक वर्मा,चन्द्रसेन विराट,एवं चंन्द्रहास षुक्ल म.प्र. के कवि हैं। डा. हरिहर बख्ष सिंह म. प्र. साहित्यि सम्मेलन के अध्यक्ष रह चुके हैं। हल्दीघाटी पर लिखा उनका महाकाव्य 'युगधर्म' दैनिक में धारावाहिक रूप से प्रकाषित हो चुका है।

इस पुस्तक के सम्पादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल की प्रेरणा से मैं 'एकता–यात्रा' में सम्मिलित हो काष्मीर जा सका और 'राश्ट्रीय एकता' पुस्तक का प्रकाषन जनवरी 1992 में कर सका। द्वितीय संस्करण अब 2015 में कामर्षियल सर्विसेज् रायपुर द्वारा राश्ट्रीय एकता के पवित्र कार्य में अपना योगदान देने हेतु किया जा रहा है। इसकी प्रेरणा इस संस्थान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटित 'एकता की दौड़ (Run for Unity) से प्राप्त हुई है।

–राजेष अग्रवाल

पूर्व उपाध्यक्ष भा.ज.युवा मोर्चा रायपुर जिला

ISBN -978-81-930512-2-1

राष्ट्रीय एकता

सम्पादक

प्रेमेन्द्र अग्रवाल

©Copy Right

कामर्षियल सर्विसेज स्टेष्नरी हाऊस सिंधी स्कूल के पिछे,रामसागर पारा,रायपुर,492001
फोन नं. 0771–4075078

मुद्रक

साधूराम अग्रवाल, बी. ई. (मेके), डिप्लोमा बी.एम.
अषोक प्रेस, स्टेषन रोड, रायपुर छ.ग.

प्रकाषक	–	कामर्षियल सर्विसेज स्टेष्नरी हाऊस सिंधी स्कूल के पीछे,रामसागर पारा रायपुर, छ.ग. 492001
सर्वाधिकार	–	सुरक्षित
संस्करण	–	द्वितीय,2015
भाशा	–	हिन्दी
पृश्ट	–	122
अनुवाद	–	श्री प्रेमेन्द्र अग्रवाल
मूल्य	–	150 रू.
साईज	–	9"x5.5" हार्डबोर्ड कवर

ISBN -978-81-930512-2-1

अनुक्रम

01	सम्पादकीय	प्रेमेन्द्र अग्रवाल	01–11
02	भारत की एकता और संविधान की धारा 370	प्रो. बलराज मधोक	12–17
03	एकता गीत (कविता)	उदय प्रताप सिंह	18–19
04	गीता : विष्व समुदाय का जीवन–षास्त्र	रमेष नैयर	20–24
05	जिसका हिंदुस्तान है, उसका है कष्मीर (कविता)	अंसार कंबरी	25–26
06	गजल व संदेष		27
07	हमारी सांस्कृति विरासत और आज की व्यवस्था	सुषील चन्द्र वर्मा	28–34
08	होंगे रचना मग्र वही विद्रोही बागी (कविता)	रामेष्वर षुक्ल 'अंचल'	35
10	लाल चौंक पर तिरंगा कैसे फहरा	जस्टिस गुमानमल लौढ़ा	37–40
11	मचल उठा है एक एक जन एक सूत्र में बंधने को (कविता)	चन्द्रहास षुक्ल	41
13	एकता यात्रा के दौरान श्री नरेन्द्र मोदी		43–45
14	जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कष्मीर हमारा है	चेतन चौहान	46–47
15	देषभक्ति बन अंगार दहकी व व्यंग–गजल (कविता)	ब्रजभूशण सिंह गौतम मानिक वर्मा	48
16	राश्ट्र को एक भारतीय आत्मा की दृश्टि से देखें	राधेष्याम षर्मा	50–53
17	कविता		54
18	गमला संस्कृति व एकता यात्रा		55
19	भगवान षंकर मुस्लिमों के प्रथम पैगंबर एकता के प्रतीक		56–58
20	एकता–यात्रा पर संस्मरण	दिलीप सिंह जुदेव	60–63
21	हम सब हिन्दुस्तानी (कविता)	चन्द्रसेन 'विराट'	64
22	प्राचीन भारतीय साहित्य में राश्ट्रीयता के स्वर		65–68
23	हिन्दी को अपनायें	राधा अग्रवाल	69
24	संविधान की धारा 370 देषद्रोह पूर्ण है	कुन्तल कुमार चौहान	70–72
25	पृथ्वीराज चौहान की अस्थियां: भारत का वज्र–सम्मान वापस लाये		73–78
26	राश्ट्रीय एकता में नारी का महत्व	लक्ष्मण प्रसाद वर्मा	79–80
27	रामलला को तंबू में देखकर कांषी की महिलाएं भी दुखी है।		82–84
28	एकता की भावना को त्याग के तप से तपाये	ष्यामलाल चतुर्वेदी	85–86
29	राश्ट्रीय एकता और हिन्दी	श्रीमती वन्दना सक्सेना	87
30	गऊ कथा करते भगवा वस्त्रधारी मुस्लिम कथाकार		88
31	एकता का प्रतीक		89
32	एकता के आधार स्तम्भ	विनोद कुमार अग्रवाल	91
33	षहीदों को समझने पर ही राश्ट्रीय एकता	राजेष कुमार अग्रवाल	92–93
34	मदरसों में दिए जा रहे हैं हिंदू संस्कार		94–96
35	लोकमान्य तिलक	सुरेष कुमार अग्रवाल	97
36	घर वापसी समर्थक डॉ. आंबेडकर एवं आफ्रिका से गांधी का भारत लौटना		99–102
37	राश्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राजपथ से प्रधानमंत्री के ''रन फॉर यूनिट'' भाशण का मूल पाठ		103–106
38	मैं हिन्दू और मुस्लिम दोनों हूं: सलमान खान		107–108

राश्ट्रीय एकता

प्रेमेन्द्र अग्रवाल

हम कौन हैं, हमारा भारत क्या है, हमारे पूर्वज हमारे राश्ट्रपुरूश कौन थे, हमारी संस्कृति और सभ्यता क्या है, इन सब प्रष्नों के सही उत्तर प्राप्त किये बिना राश्ट्रीय एकता को समझना और इसके लिए कुछ करना मृगमरीचिका के समान ही निरर्थक प्रयास होगा। हमारी राश्ट्रीय एकता में सबसे बड़ी बाधा हमारी अभारतीय षिक्षा व कृत्रम विकृत इतिहास है जिसे अग्रेजी षासन काल में बड़े योजनाबद्ध रूप से गढ़ा गया और आज स्वतंत्र भारत में भी उसी का अनुसरण हम कर रहे हैं।

हिन्दू बाहर से नहीं आये

हमें इस ऐतिहासिक सत्य को स्वीकार करना चाहिए कि 'आर्य' षब्द सर्वप्रथम विष्व के प्राचीनतम ग्रन्थ वेदो में श्रेश्ठ विषेशण के रूप में प्रयुक्त हुआ।

प्राचीन काल से सिन्धु घाटी के इस पार रहने वालों को हिन्दू कहा जाता रहा है। हिन्दू में आर्य और द्रविण अर्थात ऊत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय दोनो सम्मिलित हैं। आर्य और द्रविण एक दूसरे के अभिन्न अंग रहे हैं, बन्धु रहे हैं,दुष्मन नहीं। हमारे ईष्वर के प्रमुख मनुश्य अवतारों राम, कृश्णा, बुद्ध, आदि का रंग सांवला (द्रविणों जैसा) ही है।

हिन्दू का वह सहज धर्म जिससे हिन्दू हिन्दू कहलाता है। हिन्दूधर्म नहीं हिन्दुत्व हैं। किसी समुदाय के धर्म का भ्रम उससे नही होना चाहिए। इस तथ्य की पुश्टि हमारे प्रायः सभी महापुरूशों ने की है।

महात्मा गांधी ने कहा – '' हिन्दुत्व सत्य के अनवरत षोध **का** ही दूसरा नाम है।''

भू.पू. राश्ट्रपति महान दार्षनिक डा. राधाकृश्णन की मान्यता रही है कि '' हिन्दू तो एक जीवन पद्धति (Way of Life) है। यह हमारे जीवन का अंग है, हमारे धर्म का नहीं।

'महाभारत' दूरदर्षन धारावाहिक के संवाद लेखक डा. राही मासूम रज़ा जिनका स्वर्गवास **हो चुका** है ने एक लेख में कहा था–

'' हिन्दू षब्द किसी धर्म से ताल्लुक नहीं रखता। ईरान और अरब के लोग हिन्दुस्तानी मुसलमान को भी हिन्दू कहते हैं। यानी हिन्दू नाम है हिन्दुस्तानी कौम का, मैंने अपनी थीसिस में यही बात लिखी थी तो उर्दू के मषहूर विद्वानने यही बात काट दी थी'' अतएव हम सभी भारतीयों को चाहे किसी भी धर्म के अनुयायी हों हिन्दू षब्द को वास्तविक अर्थ में अपनाना चाहिए।

भारत नया निर्माणाधीन राश्ट्र नहीं

भारत का निर्माण एक दिन में .....हुआ है। हां भारत का विभाजन जरूर रातों रात एक दिन में अंग्रेजों के क्रुचक्र में फंस कर हुआ है। हमारे भारत का इतिहास विष्व का प्राचीनतम इतिहास है। आज हम जिस भारत भूमि के वासी हैं उसी भारत भूमि के वासी सहस्त्रों वर्शों से हमारे पूर्वज रहें हैं, हमारे राश्ट्रपुरूश एक हैं, संस्कृति एक है, सभ्यता एक है। विश्णु पुराण में एक ष्लोक है जिसका भावार्थ है कि जिसके उत्तर में हिमालय, दक्षिण में समुद्र है उसी का नाम भारत है उसी की संतान हम भारतीय हैं। अतएव भारत कोई नया निर्माणाधीन राश्ट्र नहीं है, अति पुरातन सनातन राश्ट्र है।

कृत्रिम या निर्माणाधीन राश्ट्र के समक्ष किस प्रकार की अजीबो गरीब स्थिति पैदा हो जाती है इसे समझने के लिये हम पाकिस्तान का ही उदाहरण लें। सन् 1947 के पहले पाकिस्तान भारत का ही एक अंग था। 1947 के पहले का उसका अलग से कोई इतिहास या संस्कृति नहीं है। इसलिए पाकिस्तान को इस सत्य को झुठलाने में बड़ी कसरत करनी पड़ रहीं है।

पाकिस्तान के दिल्ली स्थित राजदूत अफजल इकबाल ने एक अवसर पर कहा था कि इकबाल की नज्म 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' से यह नहीं समझना चाहिए कि उन्होने हिन्दुस्तान की षान में यह लिखा नहीं, उन्होंने यह समूचे विष्व के लिए लिखा है। इस प्रकार के कुतर्क क्यों करने पड़ रहे हैं?

इसी प्रकार का दूसरा उदाहरण बसन्त पंचमी का है। सैकड़ों वर्शो से इसे हिन्दू और मुस्लिम दोनों मनाते हैं। आज भी भारत के समान ही पाकिस्तान के सूबा पंजाब में भी बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई जाती है। परन्तु अब वहां के

कट्टर पंथी जनता से इसे न मनाने का फतवा जारी किये हैं उन्हें इसमें भारतीय संस्कृति की सुगंध मिल रही हैं।

हमारे राश्ट्रपुरूश कौन हैं?

न गोरी रहा है न बाबर रहा है
मगर राम युग युग उजागर रहा है

अधिकांष मुस्लिम बंधुओं को उनके कट्टरपन और हमारी सरकार की तुश्टीकरण की नीति ने यह सोचने ही नहीं दिया कि मुगलकाल से पहले भीभारत था। वे भी मुगलकालीन भारत के ही नहीं विष्व के सर्वाधिक प्राचीन गौरवषाली जगत गुरू, भारत के वंषज हैं। यही बात ईसाइयों पर भी लागू होती है। भय और लोभ के कारण अनेक लोगों ने धर्म परिवर्तित किया और कुछ लोगों ने जीवन पद्धति भी बदल डाली। अंग्रेजों ने भी अपने षासनकाल में अनेकों को इसाई बनाया और जो इसाई नहीं बने उन्हे लार्ड मेकाले की षिक्षा नीति ने अंग्रेजी सभ्यता का गुलाम बना दिया इन सब बातों का प्रभाव हम आज भी भारत में देख रहे हैं और ये ही बातें राश्ट्रीय एकता में बाधक है।

डा. हेडगेवार ओर वीर सावरकर ही नहीं डा. राधाकृश्णन जैसे महान व्यक्तियों के विचार रहे हैं कि धर्मान्तरण करने वाला संस्कृति की दृश्टि से हिन्दू रह सकता है।

प.पू गुरूजी माधव सदाषिव गोलवलकर ने कहा है व्यक्ति के तीन धर्म होते है– व्यक्ति धर्म, कुलधर्म, राश्ट्रधर्म। व्यक्तिधर्म यानी उपासना पद्धति परिवर्तन से कुल धर्म और राश्ट्रधर्म परिवर्तित नहीं होना चाहिए। फिर इसाई या मुसलमान अपने नाम राम, कृश्ण, अषोक आदि न रख कर जान, थामस, अली, हसन, आदि क्यों रखते हैं। षेख और सैयद अरब की जातियां हैं। फिर भी अधिकांष भारतीय मुसलमान अपने को उनका वंषज कैसे अनुभव करते है यह समझ से परे हैं। मां बाप प्रायः उनके जो आदर्ष रहे हैं उन्हीं जैसा नाम अपनी संतानों का भी रखना चाहेंगे। रावण, कुम्भकरण, जयचंद अपने लड़के का नाम नहीं रखना चाहेंगे। अतएव सिर्फ इस्लाम धर्म के अनुयायी कोई है इसी आधार पर अपनी संतानों का नामकरण नहीं करना चाहिए। हमारे राश्ट्रपुरूशों और हमारी संस्कृति के अनुरूप ही हमें नामकरण करने चाहिए। इससे राश्ट्रीय एकता को बल मिलेगा।

अभी हाल ही मे ईराक में युद्ध भड़का लाखो भारतीय जिनमें अधिकांष मुस्लिम व इसाई थे भारत में ही वापस लौटे, पाकिस्तान, अरब देष या इंलैण्ड नही गये। भारत हारता है और पाकिस्तान जीतता है क्रिकेट मैच मे तो फिर फटाके नहीं फूटने चाहिए। ये बातें साधारण सी है पर इन पर षांत मन से विचार करना चाहिए।

डा. राही मासूम रज़ा ने लिखा था–''मैं एक मुसलमान हिन्दू हूं। कोई विक्टर इसाई हिन्दू होगा और कोई 'मातादीन' वैश्णव या आर्य समाजी हिन्दू एक देष में कई धर्म समा सकते हैं परंतु एक देष में कई कौमें नहीं समा सकती। मेरे पुरखों में गालिब और मीर के साथ सूर, तुलसी और कबीर भी आते हैं।''

प.पू. गुरूजी का एक संस्मरण है – एक बार एक वरिश्ठ अमेरिकी प्रोफेसर ने गुरूजी से प्रष्न किया– मुसलमान और इसाई इसी देष में है, आप उन्हें अपनों में ही क्यों नहीं समझते। उत्तर में गुरूजी ने उन्ही से उल्टे एक प्रष्न कर दिया– ''मान लीजिये हमारे देष का ही व्यक्ति अमेरिका जाता है, बसने लगता है और वहां का नागरिक बनना चाहता है। किंतु वह आपके लिंकन, वाषिंगटन, जेफरसन तथा अन्य राश्ट्रीय महापुरूशों को स्वीकार करने से इंकार करता है, स्पश्ट उत्तर दीजिये कि क्या आप उसे अमेरिका का राश्ट्रीय कहेंगे।'' उन्होने कहा नहीं।

एक ओर हम महाराश्ट्र में हिन्दू वोट बंटोरने के लिये छत्रपति षिवाजी की स्टेच्यु का अनावरण करने के लिये दौड़ पड़ते हैं, महाराणा प्रताप के वंषज जो म. प्र. में कहीं रहते हैं, उनके समर्थन को चुनावी माहौल में प्रचारित करते हैं और दूसरी ओर आक्रमककारी आततायी मुगल महिमा मंडित हों इसका वातावरण बनाने हैं या बनने देते हैं। वोट की राजनीति का यह खेल देषहित को बलायेताक रखकर आखिर हम कब तक खेलते रहेंगे?

छद्म धर्म निरपेक्षता का चक्कर

अपने षासन काल में कांग्रेस ने हमें यही सिखाया और पढ़ाया कि कांग्रेस का और वह भी कांग्रेस के नरम दल का स्वतंत्रता आंदोलन और पं. नेहरू तथा उनके परिवार का षासन ही भारत का इतिहास है। इसके अलावा और कुछ जानने योग्य है ही नहीं। व्यर्थ में गड़े मुर्दे उखाड़ना है। कांग्रेस ने अपने षासनकाल में पं. नेहरू के कृत्रिम राश्ट्रवाद और अनीष्वरवादी छद्म धर्मनिरपेक्षता का जो चक्कर चलाया उसके कारण से हम गुमनाम, बिना पहचान और भटके हुये दिषाविहीन राहगीर की भांति हो गये है।

ऐसे समय में स्वामी विवेकानन्द के इस उद्धरण का हमें स्मरण करना चाहिए ''मुझे अपने पूर्वजों को अपनाने में कभी लज्जा नहीं आई। मैं सबसे गर्वीले व्यक्तियों में से एक हूं।.....जितनी ही मैंने भूतकाल पर दृश्टि डाली यह गर्व मुझमें बढ़ता ही गया है।.....तुम्हारे रक्त में भी अपने पूर्वजों के लिये उसी श्रद्धा का संचार हो जाये।'' ठीक इसके विपरीत पं. नेहरू ने अपने स्वयं के बारे में कहा था कि वे घटनावष हिन्दू हैं।

पाठ्य पुस्तकों में बच्चों को गणेष का 'ग' पढ़ाया जाता था तो तत्कालीन कांग्रेस सरकार को इसमें साम्प्रदायिकता की झलक दिखाई दी। गधे का ग पढ़ाया जाने लगा। कहीं कहीं गमले का 'ग'। इसी प्रकार उ.प्र. की कांग्रेसी सरकार ने स्व. ष्यामनारायण पाण्डे की 'हल्दी घाटी' और 'जौहर' कविताओं को साम्प्रदायिक करार देकर पाट्यक्रम से निकलवा दिया था। महाराणा प्रताप, छत्रपति षिवाजी, गुरू गोविन्द सिंह झांसी की रानी लक्ष्मी बाई आदि को संकट के समय अवष्य हमारी सरकार दूरदर्षन के माध्यम से याद कर लेती है। ऐसे समय वे साम्प्रदायिक नहीं रहते।

'चाणक्य' दूरदर्षन धारावाहिक के सम्बन्ध में हमारी केन्द्र सरकार की असमंजसपूर्ण स्थति भी यही कहानी कहती है। देष भक्ति के गीतों को,भगवाध्वज को, हर हर महादेव के नारे को, त्रिषुल को साम्प्रदायिक करार दिया गया। परन्तु प्रधानमंत्री जी की सूझबूझ से दूरदर्षन को सत्बुद्धि आई।

तुश्टिकरण की नीति

हिन्दू मुस्लिमों के बीच सदैव सद्भाव रहा है। परन्तु थोक वोट पाने की लालच से तुश्टिकरण की नीति अपनाये जाने से राश्ट्रीय एकता भंग हुई है।

काष्मीर में सद्भाव था। वहां धारा 370 लागू होने से पाकिस्तानी मदद से अलगाववाद और उग्रवाद पनपा। कष्मीर को अरबो रूपये दिये जाते हैं पर वहां हिन्दुओं का कत्लेआम जारी है।

कलकत्ता हाईकोर्ट में जब ईस्टर्न इडन गार्डन काण्ड से सम्बन्धित एक मुस्लिम मुर्दे की लाष को पोस्टमार्टम हेतु कब्र से निकलवाया तो हजारों मुस्लिमों ने न्यायालय का घेराव कर उसे मजहब के खिलाफ बताकर न्यायाधीश को आज्ञा वापस लेने हेतु बाध्य कर दिया।

तलाकषुदा महिलाओं की मानवीय समस्याओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को सिर्फ मजहब के कारण संसद में विधेयक पारित कर कांग्रेष सरकार ने रद्द कर दिया। विरोध में तत्कालीन मंत्री आरिफ मोहम्मद खां ने त्यागपत्र तक दे दिया था यह साहबानों प्रकरण कांग्रस की धर्म निरपेक्षता है। (नागालैण्ड़) मिंजोरम चुनाव में कांग्रेस द्वारा चुनावी घोशणा पत्र में पृथक इसाई राज्य की स्थापना का वचन दिया गया था।

विष्वनाथ प्रताप सिंह भी अपने षासन काल में इस प्रतियोगिता में षामिल हुये। मुहम्मद साहब के जन्म दिन पर बिना मांगे छुट्टी घोशित कर दिये। इमाम बुखारी के इषारों पर नाचना प्रारंभ कर दिया। कांग्रेस और मार्क्सवादी दोनों ही केरल में बारी बारी से मुस्लिम लीग को गले लगाते रहे। मुस्लिम लीग के ही इषारों पर थोक वोट पाने के लिये कांग्रेस ने अपने पिछले घोशणा पत्र में धार्मिक स्थालों की 1947की यथास्थिति रखने का वायदा किया था।

सब के लिये समान कानून



देष के सभी नागरिकों के लिये फिर चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान या ईसाई समान कानून होने चाहिए पर हमारे यहां यह बात नहीं है इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री जान मेजर ने अपने देष में मुसलमानों द्वारा मुस्लिम संसद बनाये जाने की मांग पर कहा कि, ''जिसे विषिश्ट आकार चाहिए वह इंग्लैण्ड छोड़ कर चला जाए'' परन्तु हमारे नेता इतनी दो टूक स्पश्ट बात नहीं कहना चाहते। वोट का चक्कर जो है।

राम जन्म भूमि, कृश्ण जन्म भूमि पर भव्य मंदिर बनना चाहिए। यह धार्मिक नहीं राश्ट्रीय अस्मिताका सवाल है। हिन्दू मुस्लिम एकता राश्ट्रीय एकता का सवाल है। सच पूछा जाये तो हिन्दू मुस्लिमों के बीच इस संबंध में विवाद नहीं है। यदि कोई विवाद है तो वह पैदा किया गया है। एक मुष्त वो पाने की ललक ने, तुश्टीकरण की नीति ने भड़काऊ और टकराव का वातावरण बना दिया है।

प्रस्तावित राम जन्मभूमि मंदिर रामलला वर्तमान में

हमारी तो यह धारणा है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का प्रयास भाजपा के अलावा अन्य किसी ने किया होता तो यह विवाद गहराया नहीं होता। राम और कृश्ण ऐतिहासिक महापुरूश, राश्ट्र के गौरव हैं। रामायण, महाभारत को भुलाकर राश्ट्रीय एकता की बात करना बेमानी है। महाभारत के बारे में वेद व्यास ने लिखा है ''संसार में जो जानने योग्य है वह सब इस पुस्तक में है और जो नहीं है, वह जानने योग्य ही नहीं है।''

कुछ लोगों को रामायण और महाभारत कपोल कल्पित,राम और कृश्ण काल्पनिक पात्र लगते हैं। उन्हें यह पूछते हुए षर्म नहीं आती कि 'राम जन्म भूमि' में ही और कृश्ण 'कृश्ण जन्म भूमि' में ही जन्म लिये थे इसके क्या प्रमाण हैं। यदि कोई उन्हीं से पूछे कि आपने स्वयं को जन्म लेते हुये क्या देखा था? यदि नहीं देखा था तो फिर कैसे अपनी मां को मां और बाप को बाप कहते हैं। ईष्वर एक अदृष्य षक्ति हैं। फिर भी सारा संसार उसे क्यों मानता है? आखिर आस्था, विष्वास और सदियों से चली आ रही परम्पराओं से बढ़ कर सत्य कौन सा होता है?

राम और कृश्ण का विरोध सभी मुस्लिमों में नहीं है। इस पुस्तक में कानपुर के अंसार कबरी जी के दोहे एवं गजलें हम प्रकाषित कर रहे हैं। उन्होंने संस्कृत में एम.ए. किया है। उन्होंने हमें जो पत्र लिखा है उसका प्रारंभ उन्होंने राम राम से किया है। इसी सम्पादकीय में हम स्व. राही मासूम रजा के उद्धरण दिये हैं। उन्होंने मरहूम इस्मत चुगताई के साथ उर्दू लिपि को देवनागरी में बदलने का प्रयास भी किया पर ''कट्टरता'' ने उनके प्रयास को सफल नहीं होने दिया। देवी रेहाना तैय्यब जी गुजरात की थी, अपने पत्रों में भी ''किषन जी की बंसरी'' का उल्लेख करती थी। उन्होंने भी इसी संबंध में 1947में गांधी जी को एक पत्र लिखा था।

परन्तु मुष्किल यह है कि ऐसें लोगों को 'कट्टरता' काफिर की संज्ञा दे देती है। वे हिन्दू हो गये हैं कह दिया जाता है। क्या ऐसे लोग साम्प्रदायिक हैं?

इसी वर्श कुछ दिनों पूर्व रायपुर के समाचार का ही उल्लेख सांकेतिक दृश्टि से हम कर रहे हैं। बागबहरा तहसील के नर्रा ग्राम में धार्मिक आयोजनों में सभी धर्मानुयायी मिल जुल कर भाग लेते हैं। नजब खां, मेहताब खां, तथा अम्मो बी अपने जीवन के अंत समय तक राम के अनन्य भक्त रहे। इस प्रकार के एक नहीं अनगिनत उदाहरण हैं।

रामभक्ति और कृश्ण भक्ति हिन्दू मुस्लिमों के बीच सेतु का काम करती रही है। वोटों की राजनीति ने इस सेतु पर गाज गिराई है। 1238 में जन्में हजरत निजामुद्दीन औलिया सूफी संत हिन्दी के कवि और अमीर खुसरों के गुरू थे। रही, रसखान, रसलीन, मुबारक मधनायक,पेनी (सैयद बरकत), मीर जलील, रहमत आदि ऐसे महान कृश्ण भक्त कवि हुये जिनके जितनी प्रषंसा की जाये उतनी कम है'' इन मुसलमान हरिजन पै कोटिन हिन्दून वारिये।''

फिर प्रष्न उठता है कि आखिर अब उस प्रकार का वातावरण अधिक क्यों देखने में नहीं आ रहा है। इस पुस्तक में कुछ स्थानों पर मोहम्मद इकबाल की कविताओं की कुछ पंक्तियों छपी हैं। उन्होंने हिन्दुस्तान और हमारी संस्कृति सभ्यता का जी भर कर बखान किया है। परन्तु उसके बाद आखरी में उन्होने बिलकुल पलटी मार दी और इस महान कवि ने बाद में लिखा–

''मुस्लिम हैं हम वतन हैं सारा जहां हमारा'' हम जरा सोचें वे कौन सी परिस्थितियां थी? इसी कारण हमारा कहना है कि मुसलमान राश्ट्र भक्त नहीं हैं यह कहना गलत है। फतवों का डर बहुतों को राश्ट्रभक्ति के मार्ग से हटने को उन्मुख करता है। हमें चाहिए कि हम उन परिस्थियों को जनता के सामने लायें।

इसी तर्ज पर कम्युनिश्ट भी ''मास्को इज दी कपिटल आफ वर्ल्ड'' गाते रहे। एक मित्र (कम्युनिट) देष दूसरे देष पर आक्रमण करे तो वहां के मित्रों (कम्युनिटों) को चाहिए कि वे मित्र देष की सहायता करें। आज इन सिद्धानों की ध्वज्जियां उड़ गई है। सद्दाम हुसैन का क्या हश्र हुआ हम देख रहे हैं। बिहारी मुसलमानों पर पाकिस्तान में कितने अत्याचार हो रहे हैं क्या हमारे मुस्लिम बंधु नहीं देख रहे हैं।

अपने प्रति आत्म ग्लानि क्यों?

परर विभवेशा दरोपि न कर्तव्यः
पर विभेशादरोपि नाष मूलम्।

अर्थात परकियों के वैभव के प्रति आदर बुद्धि रखने से उनके अंधानुकरण की प्रवृत्ति निर्मित हो कर स्वत्व की हानि होती है। स्वत्वहीन समाज का सहजता से विनाष होता है। कवि डा. उदय प्रताप सिंह की एक छोटी सी कविता के भाव हैं–''बेचारा सूरज पूरब से उग कर डूबने को पष्चिम में चला। इसकी एक दो झलक हम दे रहें हैं।

उद्घाटन समारोहों में नारियल फोड़ना, दीप प्रज्जवलित करना साम्प्रदायिक सझते हैं और फीता काटने की पाष्चात्य परम्परा को असाम्प्रदायिक!

प्रसिद्ध साहित्यकार प्रभाकर माचवे अमेरिका भ्रमण कर लौटे तो अपने संस्मरण सुनाते हुये उन्होनें कहा था कि हमारे यहां के अखबारों में षादी बिवाह के संबंध में जो विज्ञापन छपते हैं उसमें सर्वप्रथम आवष्यक षर्त वर–वधू के लिए होती है, कि वह गौर वर्णीय हो। इन विज्ञापनों को पढ़कर अमेरिका के लोग हंसते हैं। वे बिचारे तो हजारों रू. रोज खर्च करने सांवला होने सूर्य की किरणों का स्नान करने भारत आते हैं।

यूरोपियन स्त्री–पुरूश के सुनहले भूरे बालों की ओर हम सहसा आकर्शित हो जाते हैं और अपने बालों को भी खिजाब लगाने लगते हैं। जबकि स्काटलैंड में नये वर्श के आगमन पर लाल बार्लो वाले स्त्री पुरूश को देखना अषुभ और काले बालों वाले स्त्री पुरूश को देखना षुभ माना जाता है।

स्वदेषी भावना

अन्तर्राश्ट्रीय मुद्रकोश से हमारे केन्द्रीय वित्त मंत्री उनकी षर्तो पर ऋण लिये जाते रहे हैं और हर क्षेत्र में बहुराश्ट्रीय कंपनियों के भारत प्रवेष के लिये द्वार खोलते रहे हैं। इसकी भी चर्चा यहां जरूरी है। हमारी सरकार इस सिद्धांत पर चल रही है कि जबतक जीवो खुषी से जीवो. उधार लो और घी पीयो।

हम इतनी जल्दी भूल गये कि ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रवेष भारत में व्यापारिक कंपनी के नाते ही हुआ था जिसने कि भारत को 200 वशों तक गुलाम बनाये रखा। फलों का व्यापार करने वाली एक बहुराश्ट्रीय कंपनी ने चिली का तख्ता ही पलट दिया था। भारत में बहुराश्ट्रीय कंपनियों के हर क्षेत्र में प्रवेष से देष की सूरक्षा व एकता को खतरा है ही, इसके अलावा वे अपने प्रचार–प्रसार

से अंधाधुंध कमायी पूंजी भी विदेष भेजेंगे। हिन्दुस्तान लीवर गत वर्शों से प्रतिवर्श 15 से 17 करोड़ रूपया इंग्लैण्ड भेजते रहा है।

अब हमारे सामने एक ही उपाय बचता है। भारत की जनता स्वदेषी की राह पर चल पड़े तो बहुराश्ट्रीय कंपनियों को हम उल्टे पांव वापस जाने के लियो बाध्य कर सकते हैं।

एकता यात्रा और उसके बाद.....

भाजपा अध्यक्ष डा. मुरली मनोहर जोषी की कन्याकुमारी से कषमीर तक की एकता यात्रा का सफल समापन हो गया है। आरोप प्रत्यारोप के दौरान अब बंद होने चाहिए और आगे की ओर देखना चाहिये। प.पू. गुरूजी ने अपना संपूर्ण जीवन अपने निजी सहायक बाबा थत्ते के साथ रेल यात्रा करते हुये भारत के जन जन को बच्चे बच्चे को जागृत करने में बिताया। वे प्रायः कहा करते थे रेलगाड़ी का डिब्बा ही मेरा घर है। एक प्रष्न के उत्तर में उन्होंने कहा था – अभी तो पूरे भारत के ही दर्षन नहीं हुये हैं तो विदेष यात्रा का प्रष्न ही कहां। करोड़ों रूपये विदेष यात्रा में पानी की तरह बहाने वाले हमारे मंत्रियो और नेताओं को उनके जीवन से षिक्षा ग्रहण कर आवष्यक हो तभी विदेष यात्रा करना चाहिए और बांकी बचे समय को दूर दराज गांवों को देखना समझने में लगाना चाहिए।

आज भी ऐसे गांव हैं जहां स्वतंत्रता के बाद आज तक कोई नही पहुंचा है। एक उदाहरण हम दे रहे हैं। म.प्र. की राजधानी भोपाल से मात्र 1 कि.मी. दूर बंदीखेड़ी ग्राम में आजादी के बाद पहली बार (तत्कालीन) राज्य कृशि मंत्री लक्ष्मीनारायण षर्मा पहुंचे थे। ऐसे गांव एक नहीं अनेक हैं। आखिर उनकी सुध ा कौन लेगा?

राश्ट्रीय एकता के लिये आवष्यक है कि हम संपूर्ण राश्ट्र को एक रूप में देखें। हम प्रायः देखते हैं कि यदि कोई नेता बनता है तो सारे नियमों को बलाये ताक रख कर अपने क्षेत्र के, अपनी पार्टी के अपनी जाति बिरादरी के लोगों की भरती सरकारी नौकरियों में करना प्रारंभ कर देता है। वे अपने ही क्षेत्र मे बड़े बड़े कारखाने आवष्यक विषेशताएं उपलब्ध न होने के बावजूद खुलवाने प्रारंभ कर देता है। प्रधानमंत्रीतक इस प्रकार के आरोपों से अपने

आपको बचा नहीं पाते हैं। बदले की भावना से कार्य करने लग जाते हैं। अकारण ही अपने विरोधीयों को सताना प्रारंभ देते हैं। हर प्रकार के हथकण्डे अपना कर दोनों हाथों से धन बंटोरने में लग जाते हैं। चाटूकार असामाजिक तत्वों की फौज अपने इर्द गिर्द खड़ी कर लेते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह वहीं जनता जनार्दन है जो उन्हें धूल भी चटा सकती है।

इंदिरा, राजीव तक को सबक सिखाने षक्ति जिस जनता में हैं उससे बड़ा प्रजातन्त्र में कोई नहीं है। अतएव अन्त में नेताओं मंत्रियों से हमारा आग्रह है कि वे जनहित राश्ट्रहित के मार्ग पर चलें। यदि ऐसा हुआ तो राश्ट्रीय एकता भी कायम रहेगी।

वन्दे मातरम्

भारत की एकता और संविधान की धारा 370

प्रो. बलराज मधोक



हिन्दुस्तान का यह दुर्भाग्य है कि इसके राजनैतिक नेता और बुद्धिजीवी यथार्थ की अपेक्षा कल्पना की दुनिया में विचरना पसन्द करते हैं। इसलिए वे तथ्यों को जो इतिहास का वास्तविक आधार होते हैं, जानने का प्रयत्न ही नहीं करते क्योंकि उन्हें डर रहता है कि तथ्य उनकी कल्पना का महत्व ध्वस्त कर देंगे। यह बात कष्मीर के साथ संबंधित घटनाचक्र

और विषेश रूप में संविधान में 1949 में डाले गए अस्थायी अनुच्छेद अथवा धारा 370 पर खास तौर पर लागू होती है। इसे कष्मीर को षेश भारत के साथ जोड़ने वाला पुल कहना इसी का परिणाम है। वास्तव में यह पुल नहीं बल्कि खाई है जो कष्मीर और विषेश रूप में इसकी मुस्लिम जनता को भारत से दूर रखने में सहायक हो रही है। इस ध ारा के इतिहास को तथ्यों के आधार पर समझने से यह बात स्पश्ट हो जाती है।

इस अनुच्छेद के संबंध में पहला अकाट्य तथ्य यह है कि इसका जम्मू–कष्मीर रियासत के भारत में विलय के साथ कोई संबंध नहीं हैं। विलयपत्र पर महाराज हरिसिंह ने 26 अक्टू.1947 को हस्ताक्षर किया था जबकि धारा 370 भारत के संविधान में सित. 1949 में डाली गई थी। यह कहना कि कष्मीर का भारत में विलय इस धारा के साथ जुड़ा हुआ है, बुनियादी तथ्यों से अपनी अनभिज्ञता जताना मात्र है।

महाराजा हरिसिंह ने उसी विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए थे जिस पर पटियाला और भोपाल आदि अन्य रियासतों के षासको ने किए थे। उसके अनुसार इन रियासतों ने केवल सुरक्षा, विदेष नीति और संचार विभाग केन्द्र को सौपे थे, परन्तु संविधान सभा में उनके प्रतिनिधि ायों ने देषी राज्यों को ब्रिटिष भारत के प्रदेषों के स्तर पर लाने का फैसला किया यह जम्मू कष्मीर पर भी लागू होता था। महाराजा हरिसिंह को 1947 में ही पंगु बना दिया गया था उनके मानने या न मानने का प्रष्न नहीं था। चली षेख ब्दुल्ला की थी।

कष्मीर के संबंध में जनमत की बात उठाने और संयुक्त राश्ट्र संघ द्वारा 1948 में जनमत संबंधी प्रस्ताव पास करने से एक नई स्थिति पैदा हो गई थी। डिक्सन रिपोर्ट के अनुसार जनमत कष्मीर घाटी तक सीमिमत कर दिया गया था। इस स्थिति का षेख अब्दुल्ला ने लाभ उठाना चाहा। उसने पं. नेहरू पर दबाव डाला कि कष्मीर मुसलमानों के भारत के पक्ष में मत प्राप्त करने के लिए आवष्यक है कि इसकी मुस्लिम बाहुल पहिचान स्थायी रूप से कायम रखा और इसे लग संविधान के साथ विषेश दर्जा दिया जाय। अब्दुल्ला चाहता था कि कष्मीर पर केन्द्र का कोई अधिकार सुरक्षा, विदेष नीति और संचार तक सीमित हो, इसका अलग नागरिकता कानून हो और भारत के लोगों को कष्मीर में किसी प्रकार का कोई अधिकार न हो।



B.R.Amdekar to Sheikh Abdullah on Art 370

पं. नेहरू ने षेख अब्दुल्ला को विधि मंत्री डा. भीमराव अम्बेडकर के पास भेजा। अब्दुल्ला की बात सुनकर ड़ा. अम्बेड़कर ने जो कुछ कहा वह उन्होंने स्वयं मुझे बताया था। उन्होने अब्दुल्ला से कहा कि तुम चाहते हो कि भारत तुम्हारी रक्षा करे, सड़क बनाए, अनाज दे, कष्मीर को सारे भारत के बराबर के अधिकार प्राप्त हो परन्तु भारत सरकार के कष्मीर में अधिकार अति सीमित हों और भारत के लोगों का कष्मीर में कोई अधिकार न हो। मैं भारत का विधि मंत्री हूं, तुम्हारी बात मानना भारत के हितों से द्रोह करना होगा मैं यह नही करूंगा।

ड़. अंबेड़कर से टका सा जवाब मिलने के बाद अब्दुल्ला फिर पं. नेहरू के पास गया। पंड़ित जी ने तब गोपाल स्वामी आयंगर को कहा कि किसी प्रकार अब्दुल्ला को सन्तुश्ट किया जाय। परन्तु संविधान सभा इस प्रकार का कोई सुझाव मानने को तैयार नहीं थी। तब श्री आयंगर सरदार पटेल के पास गए और उन्हें कहा कि पं. नेहरू, अब्दुल्ला को वचन दे बैठे हैं उनकी इज्जत का सवाल है, इसलिए वे कुछ करें। पं. नेहरू उस समय विदेष में थे। सरदार पटेल ने स्थिति की नजाकत को समझते हुए इस धारा को पास तो करवा दिया परन्तु संविधान सभा में सरकार की ओर से स्पश्ट आष्वासन दिया गया कि जनमत संबंधी प्रस्ताव के दबाव के कारण जो विषेश स्थिति पैदा हुई है



सरदार पटेल

उसके कारण इसे संविधान में डाला गया है और आषा व्यक्त की कि इसे षीघ्र निरस्त कर दिया जायेगा। इसलिए इस धारा को संविधान के उस अध्याय में रखा जिसका षीर्शक है :–

अस्थायी और बदली जाने वाले धाराएं

इन तथ्यों के प्रकाष में इस धारा को स्थायी बनाने की बात करना न केवल गलत है बल्कि देष के साथ धोखा भी है।

जहां तक कष्मीर के लोंगो की भारत के सेक्यूलरिज़म की रक्षा करने और पाकिस्तानियों से लड़ने की बात है, यह सरासर कपोलकल्पित और सारहीन है। पाकिस्तान के आक्रमण के समय मैं श्रीनगर में था। मैं वहां के डी.स.वी. कालेज में इतिहास विभाग का अध्यक्ष और उसका उप प्रधानाचार्य था। मेरा संघ के साथ भी संबंध था और रियासत के भारत में विलय के लिए प्रयत्नषील था। इसलिए मुझे वहां की स्थिति की प्रत्यक्ष और परोक्ष जानकारी है। जब 21 अक्टूबर 1947 को पाकिस्तान का आक्रमण षुरू हुआ कष्मीर घाटी में इसके विरोध में एक आवाज नहीं उठी। षेख अब्दुल्ला अपने परिवार समेत इन्दौर चला गया उसके साथी किंकर्तव्यविमूढ़ होकर घरों में बैठ गए। जहां कहीं पाकिस्तानी आक्रान्ता पहुंच जाते, मुसलमान पाकिस्तानी झंड़े लहरा कर उनके साथ हो जाते। बारामूला का मकबूल षेरवानी एकमात्र अपवाद सिद्ध हुआ। यह स्थिति 26 अक्टूबर तक बनी रही। उस दिन दोपहर तक कुछ पाकिस्तानी आक्रान्ता छत्ताबल और षाहिन टांग जो श्रीनगर के बारामूला तीन वाली सड़क पर स्थित उपनगर है, तक पहुंच गए और वहां छुट–पुट लुटपाट भी षुरू हो गई। 26 अक्टूबर को दोपकर तीन बजे सूचना मिली कि विलय हो गया है, और भारत की सेना श्रीनगर पहुंच रही है। उसी समय मेरे कहने पर पुलिस डी.आई.जी. श्री ज्ञानवन्द्र बाली वर्दी पहन कर जीप पर श्रीनगर में घूम गए और लोंगो को बताया कि भारतीय सेना आ रही है और चेतावनी दी कि गड़बड़ करने वालों को कड़ा दंड़ दिया जाएगा। इसकी अपेक्षित प्रभाव पड़ा।

सांयकाल तक नेषनल कांन्फेस के झुंड सड़कों पर निकल पड़े। वे नारे लगा रहे थे–

''यह मुल्क हमारा है इसकी
हिफाजत हम करेंगे इसकी
हकूमत हम करेंगे।''

यदि 27 अक्टूबर को भारत की सेना श्रीनगर न पहुंचती तब पता चलता कि कष्मीरी पहचा मुसलमान कितने सेक्युलर हैं। मेरे मन मे यह सन्देह नहीं कि न मैं और न कोई अन्य कष्मीरी हिन्दू कष्मीरी मुसलमानों के सक्यूलरिज्म के तथ्यों को जाने और आत्मवंचना बंन्द करें।

जहां तक कष्मीरी पहचान बनाए रखने का प्रष्न है, उस पर सबसे कड़ा कुठाराघात स्वयं षेख अब्दुल्ला ने किया। जम्मू कष्मीर राज्य के छः भौगोलिक और भाशाई क्षेत्र हैं, उनमें से पहला तो जम्मू है जो रावी नदी से पंचाल पर्वत तक फैला हुआ है। यहां के लोग डोंगरी, भद्रवाही, किष्तवाडी और पहाड़ी बोलियां बोले है जो संस्कृत के अति निकट हैं और जिनकी लिपि देवनागरी है।

दूसरा क्षेत्र लद्दाख है जो जम्मू क्षेत्र से जुड़ा है और उसके लोग तिब्बती में लिखी बोधी भाशा बोलते हैं।

तीसरा क्षेत्र बाल्टिस्तान है जिसी राजधानी अस्कर्दू मेरी जन्मभूमि है। यहां के लोग बाल्टी भाशा बोलते हैं।

चौथा क्षेत्र बल्टिस्तान के पष्चिम में स्थिति गिलगित क्षेत्र है जहां के लोग दर्द या दार्दक भाशा बोलते हैं। लद्दाख बाल्टिस्तान और गिलगित हिमालय के उत्तर में स्थित है तथा तिब्बत और चीन के साथ जुड़े हुए हैं।

पांचवा क्षेत्र मीरपुर, मुजफ्फराबाद है जो तथाकथित ''आजाद कष्मीर'' कहलाता है। यह जेहलम नदी के सटा हुआ मुस्लिम बाहुल क्षेत्र है। यहां के लोगों की भाशा पोठाहारी पंजाबी है।

छठवां क्षेत्र कष्मीर घाटी है यहां के लोग कष्मीरी भाशा बोलते हैं।कष्मीरी वैदिक संस्कृत से निकली एक विकसित भाशा है और भारत के संविधान के अनुच्छेद 8 में उसे षामिल किया गया है। इस क्षेत्र में से तीन मुस्लिम बाहुल क्षेत्र– बाल्टिस्तान, गिलगित, मुज्फ्फराबाद अब पाकिस्तान के अधिकार में है। भारत के पास केवल जम्मू, लद्दाख और कष्मीर घाटी है। केवल कष्मीर घाटी मुस्लिम बाहुल है।

यदि षेख अब्दुल्ला को कष्मीर की विषेश पहचान बनाये रखने की चिंता होती तो वह कष्मीर, जम्मू, और लद्दाख को स्वायत्ता देने में पहल करता

और कष्मीर घाटी के लिए कष्मीर को षिक्षा और प्रषासन की भाशा बनाता। इस एक पत्र से वह न केवल कष्मीर में कष्मीरीयत की रक्षा कर पाता अपितु कष्मीर को षेश भारत के निकट भी ले आता। परन्तु इसनें किया उसके उल्टा।

यह एक कटु सत्य है कि षेख अब्दुल्ला पहले मुसलमान था फिर कष्मीरी था और भारतीय तभी बनता था जब सुविधा उसे बाध्य करती थी। उसने कष्मीर पर कष्मीरी की बजाय फारसी लिपि में उर्दू को इसलिये लाया कि उसका रिष्ता पाकिस्तान के साथ मजबूत हो और भारत के साथ कमजोर। वह न राश्ट्रवादी था और न भारत भक्त। उसका एकमात्र लक्ष्य अपने लिये कष्मीर में स्वतंत्र सत्ता प्राप्त करना था। जब वह भारत की सेना पर रथ पर सवार होकर 27 अक्टूबर 1947 को सांयकाल श्रीनगर लौटा तो आते ही प्रताप चौक मे एक सार्वजनिक भाशण दिया। मैंने उसका वह एक घंटे का भाशण बड़े ध्यान से सुना। इसमें उसने अपने मुस्लिम श्रोताओं से अनेक बार कलमा पढ़वाया और कहा कि, ''हमने कष्मीर का ताज खाक से उठाया है हम हिन्दुस्तान में जाऐं या पाकिस्तान में, यह बाद का सवाल है, पहले हमें अपनी आजादी मुकम्मल करनी है।'' परन्तु, भारत, भारतीय सेना, और रियासत के भारत में विलय का एक बार भी उल्लेख नहीं किया। उस एक भाशण से ही उसके ईरादे स्पश्ट हो गए। आज कष्मीर घाटी में जो कुछ हो रहा है उसके बीज षेख अब्दुल्ला ने इस भाशण के द्वारा 27 अक्टूबर को ही डाल दिए थे।

धारा 370 और उसके अन्तर्गत के अलग संविधान और अलग नागरिकता कानून के कारण कष्मीर की स्थिति में अनेक विसंगतियां और खराबियां पैदा हो चुकी हैं। जम्मू क्षेत्र में पष्चिम पंजाब से एक लाख के लगभग आए विस्थापियों को आज भी विधानसभा के लिए मत देने का अधिकार नहीं। मेरे जैसे व्यक्ति जो वहीं पैदा हुआ, वहीं बड़ा हुआ और आज भी कष्मीर के साथ जुड़ा हुआ है वहां न नौकरी कर सकता है और न मकान के लिए जमीन का टुकड़ा खरीद सकता है।

दूसरी ओर इस धारा के कारण कष्मीरियों में यह धारणा पैदा हो चुकी है कि कष्मीर भारत नही और कि इसके भविश्य फैसला अभी होना है इससे उनके अलगाववाद को आधार भी मिलता है और बल भी।यदि यह धारा निरस्त कर दी जाय और भारत का संविधान कष्मीर पर लागू कर दिया जाय तो कष्मीर के लोगों को वास्तविकता को समझने और उसके साथ समझौता करने की सहायता मिलेगी।व्यवहार में धारा 370 का लाभ केवल कष्मीरियों के षासक वर्ग को मिलता रहा है। इसके कारण उनकी अपनी निरंकुष सत्ता बनाए रखने में भी सहायता मिलती रही है और आर्थिक षोशण में भी। जगमोहन ने अपनी पुस्तक में इस धारा के व्यवहारिक पहलू पर जो प्रकाष डाला है उसे नकारा नहीं जा सकता।

आवष्यकता है कि भारत का बुद्धिजीवि और षासक वर्ग कष्मीर के संबंध में खराब, राश्ट्रवादी और यथार्थवादी दृश्टिकोण अपनाएं। उन्हें सबसे पहले अपने दिलों से पूछना चाहिए कि क्या वे वास्तव में कष्मीर को भारत का अंग मानते हैं या नहीं मानते। यदि यह अंग है, जो एक वास्तविकता है, तो भारत का संविधान जो सारे देष के लगभग 10 करोड़ मुसलमानों के भारत सभी लोगों के लिए उपयुक्त है, कष्मीर घाटी के 30 लाख मुसलमानों के लिए क्यों उपयुक्त नहीं। यह अनुच्छेद कष्मीरी मुसलमानों को भारत के संविधान से काटता है और उनमें यह अहसास पैदा करता है कि कष्मीर का भारत में विलय अस्थायी है और इसका अन्तिम फैसला अभी होना है। इस प्रकार यह धारा उनके और षेश देष के बीच एक मनोवैज्ञानिक खाई का काम करती है। इसे पाटने का एक ही इलाज है और वह है कष्मीर का अलग संविधान खत्म करके उस पर भारत का संविधान पूर्ण रूपेण लागू करना। संविधान के अन्तर्गत कष्मीर की विषेश स्थिति को ध्यान में रखते हुए कुछ अन्य विषेश पग उठाये जा सकते हैं। इस धारा को निरस्त करने में कोई संवैधानिक अड़चन नही है।

भारत की संसद सर्वसत्ता सम्पन्न है। यह उस अस्थायी धारा को निरस्त कर सकती है।

जहां तक रियासत के लोगों का संबंध है स्थिति स्पश्ट है। जम्मू और लद्दाख का बहुमत इस धारा को नहीं चाहता। कष्मीर घाटी के हिन्दुओं ने भी अपने प्रतिनिधि सम्मेलन मे स्पश्ट कर दिया है कि कष्मीर घाटी पर उनका भी बराबरी का अधिकार है। वे घाटी के दक्षिण भाग में अपना ऐसा अलग क्षेत्र चाहता है जिसे भारत सरकार केन्द्र षासित प्रदेष का दर्जा दे।

स्पश्ट है कि वे धारा 370 और अलग संविधान नही चाहते फिर यह धारा 370 है किसके लिए? जो इसे निरस्त करने का विरोध कर रहे हैं वे तो भारत से कट कर पाकिस्तान में मिलना चाहते हैं, उन्हे धारा 370 से कुछ लेना देना नहीं। इसलिये उन्हें संतुश्ट करने के लिए उस धारा की वकालत करना निरर्थक ही नही राश्ट्रविरोधी कार्य भी है।

—0—

Art 370 and PoK are the result of Lord Mountbatten's hided enmity with Nehru due to his romance with Edwina (Book: Accursed & Jihadi Neighbour) Chapt - 5

हाईस्कूल में पढ़ते समय ही छन्द रचने लगे। किषोरवय में मार्क्सवाद की ओर रूझान। अंग्रेजी एवं हिन्दी में एम.ए.। अंग्रेजी के प्राध यापन के रूप में लोकप्रिय और प्रतिश्टित। मदन इंटर कॉलेज, भोगांव और नारायण इंटर कॉलेज, यिाकोहाबाद में 18 वर्शो तक प्राचार्य का पद संभाला। 1989 में लोकसभा के सदस्य के रूप में मैनपुरी क्षेत्र से निर्वाचित। 1997 से 2000 तक राश्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य के रूप में कार्य। दो बार राज्य सभा के सदस्य के रूप में उत्तर प्रदेष से मनोनयन। संप्रति राज्यसभा के सदस्य के रूप में देष सेवा। 1993 में सूरीनाम में आयोजित विष्व हिन्दी सम्मेलन में भारतीय साहित्यकारों का नेतृत्व किया। अब तक 17–18 देषों की यात्रा। सांसद होते हुए भी बेहद फ़क्कड़, सहज और धरती से जुड़े व्यक्ति।

संपर्क : 19 फिरोज षाह रोड नई दिल्ली – 110001

एकता गीत

उदय प्रताप सिंह
(पूर्व)स.ज.पा. सांसद (षिकोहाबाद)

चाहे जो हो धर्म तुम्हारा चाहे ''वादी'' हो
नहीं जी रहे अगर देष के लिये तो अपराधी हो
जिसके अन्न और पानी का इस काया पर ऋण है,
जिसके समीर का अतिथि बना यह आवारा जीवन है
जिसकी मिट्टी में खेले तन दर्पण सा झलका है
उसी देष के लिये तुम्हारा रक्त नहीं छलका है,
जन गन मन के न्यायालय में तो तुम प्रतिवादी हो
नहीं जी रहे अगर देष के लिये तो अपराधी हो
जिसके पर्वत खेत, घाटियों में अक्षम क्षमता है
जिसकी नदियों की हम पर मां जैसी ममता है
जिसकी गोद भरी रहती है मिट्टी सदा सुहागिन है
उसी देष में एक कली भी भूखी या हतभागिन है,
तो चाहे तुम रेषम पहनों या धारे खादी हो
नहीं जी रहे अगर देष के लिये तो अपराधी हो
जिसके मनहर खेतों की मनहर हरियाली से
जिसके रंग बिरंगे फूल सुसज्जित डाली से
इस भौतिक दुनिया का भार हृदय से उतरा है
उसी देष को अगर किसी मनहूस नजर से खतरा है
तो चाहे दौलत ने तुमको हर सुविधा लादी हो

नहीं जी रहे अगर देष के लिये तो अपराधी हां
अगर देष मर गया तो बोलो जीवित कौन रहेगा?
और रहे भी अगर तो उसको जीवित कौन कहेगा?
मांग रही कर्ज जवानी, सौ, सौ, सर कट जायें
पर दुष्मन के हाथ न मां के आंचल तक आ पायें
जीवन का है अर्थ तभी तक जब तक आजादी हो
चाहे जो हो धर्म तुम्हारा, चाहे जो वादी हा
नहीं जी रहे अगर देष के लिये तो अपराधी हो
चाहे हो दक्षिण के प्रहरी या हिमगिर वासी हो
चाहे राजा रंग महल का हो सन्यासी हो
चाहे षीष तुम्हारा झुकता हो मस्जिद के आगे
चाहे भक्ति तुम्हारी मन्दिर, गुरूद्वारे में जागे
भले विचारों में कितना ही अंतर बुनियादी हो
नहीं जी रहे देष के लिये तो तुम अपराधी हो
जिसके चारो ओर स्वार्थ ने खींची लक्ष्मण रेखा
जिसकी आँखों ने माता का बहता आंसू देखा
उस कायर का वीर पीढ़ियां लेते नाम डरेंगी
उसकी सन्तानों पर अक्सर अंगुली उठा करेंगी
चाहे हो राजा का बेटा या फिर षहजादी हो
नहीं जी रहे अगर देष के लिये तो अपराधी हो

गीता : विष्व समुदाय का जीवन–षास्त्र

रमेश नैयर
वरिष्ठ पत्रकार

गीता को फिर राजनीति के दलदल में घसीटने का प्रयास किया गया। पहले भी भगवत् गीता को लेकर रूस सहित कुछ अन्य समाजों के लेखकों द्वारा अनावष्यक विवाद उछाला गया। वस्तुतः ये विवाद कुछ लेखकों और संगठनों ने खुद को चर्चा में लाने के मकसद से उछाले थे। सच तो यह है कि गीता को किसी पंथ विषेश के धर्म ग्रंथ के दायरे में समेटने का कोई औचित्य नहीं है। गीता की वस्तुतः संपूर्ण विष्व समुदाय के एक श्रेश्ठ जीवनषास्त्र के रूप में पहचान बन रही है। विविध उपासना पद्धतियों पर विष्वास रखने वाले विष्व के अनेक देषों के प्रबुद्ध जन गीता को जीवन प्रबंधन के एक मार्गदर्षक ग्रंथ के रूप में मानने लगे हैं। यही कारण है कि विष्व की बीसियों भाशाओं में गीता के अनुवाद प्रकाषित हो रहे हैं। यूरोप, अमेरिका और लैटिन अमेरिकी देषोंके वैज्ञानिक तथा मनोचिकित्सक गीता के अध्ययन को अपने लिए उपयोगी पाते हैं। मनोविष्लेशण और मनोविकारों के उपचार के लिए गीता की कुछ व्याख्याओं को विज्ञान–सम्मत मानते हुए उपयोगी पाया गया है। श्रीकृश्ण ने जिस प्रकार किंकर्तव्यविमूढ़ हो गये अर्जुन को गहन अवसाद की स्थिति से उबारकर संघर्शशील योद्धा में रूपांतरित किया था वह मनोवैज्ञानिकों के अनुसार उत्तम मनोपचार था।

पष्चिमी देषें में प्रकाषित हो रही जीवन–निर्माण संबंधी अनेक लोकप्रिय पुस्तकों को इन पंक्तियों के लेखक ने पढ़ा है। उनमें से कुछ में गीता की अनुगूंज सुनाई दी है। यह अनायास ही नहीं था कि बेहद अनिष्चिय भरी छः माह की अंतरिक्ष यात्रा पर जाते समय सुनीता विलियम्स अपने साथ गीता की एक प्रति ले गई थी। सुप्रसिद्ध दार्षनिक बर्ट्रेंड रसल गीता को व्यावहारिक दर्षन का श्रेश्ठ ग्रंथ मानते थे। स्वामी रंगानाथानंद का मानना था कि गीता के सभी अठारह अध्यायों में ऐसा उद्धारक ज्ञान दिया गया है जिससे व्यक्ति स्वयं अपनी मुक्ति का मार्ग तलाष लेता है। गीता के दषवें अध्याय में श्रीकृश्ण ने कहा भी है, ''मैं साधक के हृदय में छोटा सा ज्ञानदीप रख देता हूं जिससे वह अपना मार्ग प्राप्त कर लेता है। मेरा कार्य केवल दीप को जला देना है।''



बर्ट्रेंड रसल

मनुश्य की भांति हमारे राश्ट्र की विशम घड़ियों में गीता सदैव सहायक होती रहती है। अठारहवीं सदी ईसवी में जब भारत के विखंडन का संकट धनीभूत हो गया था

आदिशंकराचार्य

तो आदिषंकराचार्य ने पहली बार विषाल ग्रंथ महाभारत से बाहर निकाल कर गीता को एक पृथक पुस्तक के रूप में प्रचारित किया। स्वामी विवेकानंद के अनुसार आदिषंकराचार्य का गौरव गीता के प्रचार से बढ़ा। गीता में निहित षक्ति को ब्रिटेन की ईस्ट इंड़िया कंपनी ने भी पहचाना था। ब्रिटिष अधिकारियों और अन्य अंग्रेजो को गीता के ज्ञान से परिचित कराने के ध्येय से अठारहवीं सदी में ईस्ट इंड़िया कंपनी ने भगवत् गीता का सर चार्ल्स विल्किन्स द्वारा किया गया अनुवाद प्रकाषित किया। जिसकी भूमिका भारत के प्रथम गवर्नर जनरल वारेन हेसिटंग्स ने लिखी थी। उस भूमिका में यह भविश्यवाणी की गई थी, ''जब भारत में अंग्रेजों का प्रभुत्व समाप्त हुए बहुत समय बीत चुका होगा और (उनके राज की) षक्ति एवं संपदा मात्र स्मृति में रह जायेगी, तब भी भारतीय दर्षन के लेखक जीवित रहेंगे।''



इस तथ्य से कौन इंकार कर सकता है कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में गीता की अत्यंत प्रेरक भूमिका रही है। स्वतंत्रता संग्रामियों ने गीता से प्रेरणा लेकर भारत की आजादी के लिए हंसते–हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। महर्शि अरविंद ने अध्यात्म और स्वतंत्रता संघर्श का समन्वय गीता के दर्षन द्वारा स्थापित किया था। स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है का उद्घोश करने वाले लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने स्वातंत्रता संघर्श के लिए गीता में श्रीकृश्ण द्वारा बताए गए संघर्श पथ को अपनाया था। मांडले जेल में उन्हें समस्त यातनाओं के बीच संघर्श की षक्ति और जिजीविशा गीता से प्राप्त हुई थी। उसी कारागार में उन्होंने मराठी की अमरकृति 'गीता रहस्य' की रचना की थी। यहां यह बता देना भी प्रासंगिक होगा कि छत्तीसगढ़ में बीसवीं षताब्दी के आरंभ में व्यापक स्वतंत्रता–चेतना तिलक के प्रभाव से जागृत हुई थी। पं. माधवराव सप्रे ने गीता रहस्य का हिंदी में अनुवाद किया था। उसके हिंदी में अब तक पचास से अधिक संस्करण प्रकाषित हो चुके हैं। पं. रविषंकर षुक्ल और वामनराव लाखे सहित उस दौर के सभी प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक के अनुयायी थे।



माधवराव सप्रे

क्रांतिकारी भाई परमानंद

प्रसिद्ध क्रांतिकारी भाई परमानंद ने भगवत गीता को अपने चिंतन के केन्द्र में रखते हुए अंडमान निकोबार की जेल में अद्‌भुत पुस्तक '***मेरा अंतिम आश्रय श्रीमद् भगवतगीता*** लिखी थी। भाई परमानंद को लाहौर कांस्प्रेसी केस में फांसी की सजा सुनाई गई थी। फांसी की सजा सुनाये जाने के बाद उन्हें पांच वर्शो तक अंडमान जेल में रखा गया। उस दौरान न उन्हें कोई संदर्भ पुस्तक मिलती थी और न जानकारी प्राप्त करने की अन्य कोई सुविधा। लिखने के लिए कागज का टुकड़ा तक उपलब्ध नहीं था। कल्पना की जा सकती है किस मनः स्थिति में और कितनी दिक्कतों के बीच उन्होंने वह पुस्तक लिखी होगी। उन्हें फांसी की सजा सुनाई जा चुकी थी, परंतु यह पता नहीं था कि फांसी दी कब जायेगी। पुस्तक के संक्षिप्त प्राक्कथन में उन्होंने लिखा था, ''अंडमान जेल में सन् 1915 से 1920 तक कुछ नोट याददाषत के तौर पर रखे गये। यह विचारक्रम बार–बार मेरे मन से गुजरता था। दो मास के अनषन के कारण मेरा ख्याल था कि कालापानी में ही मेरा षरीर त्याग होगा। इसलिए उसके बाद यदि ये नोट किसी योग्य मनुश्य के हाथ पड़ जायेंगे तो वह इन्हें छपवा कर प्रकट कर देगा। एक प्रकार से ये विचार मेरे अंत समय के हैं। तब मैं समझ बैठा था कि अब दुनिया से मेरा संबंध कभी नहीं होगा।''

भाई परमानंद की पुस्तक वस्तुतः भारतीय, पाष्चात्य और अरेबिया के दर्षनषास्त्रों का सूत्र वाक्यों में व्यापक ज्ञानकोष है। उन्होंने लिखा कि इस्लामी जगत में बुखारा का राजकुमार अलगरूनी ऐसा पहला व्यक्ति था, जिसका ध्यान भगवत् गीता की तरफ गया। उसे महमूद गजनवी ने कैद कर रखा था। हिरासत में रखने के लिए वह उसे

हिन्दुस्तान पर आक्रमणों के समय में भी अपने साथ लिये रहता। अलबरूनी ने युद्धकाल में बड़ी कठिनाइयों के बाद संस्कृत का अध्ययन किया।.....उसने आध्यात्मिक दृश्टि से इसे अत्यंत उच्च कोटि की पवित्र पुस्तक बताया।..... मुगलकाल में अकबर के आदेष से फैजी ने भगवद्‌गीता का अनुवाद फारसी भाशा में कराया। षहजादा दारा षिकोह ने इसका नाम 'सरे अकबर' रखा। उसकी भूमिका में उसने लिखा, 'सच्चाई का मार्ग बतलाने वाली, सत्य को पहचानने वाली, गहरे भेदों को खोलने वाली, एकता दिखाने वाली, आनंददायिनी यह कृति विलक्षण मनुश्यों में सर्वश्रेश्ठ ज्ञानी महर्शि वेदव्यास जी की है। व्यासजी का गुणानुवाद

कर पाना वाणी और लेखनी की षक्ति से बाहर है। संसार का प्रथम प्रसिद्ध दार्षनिक अफलातून भी वेदव्यास जी द्वारा बताये मार्ग का अनुसरण करने वाले तन्मीम हिंदी के तुच्छ षिश्यों से एक था।.....भगवद् गीता और उपनिशदों के फारसी अनुवाद जब यूरोप पहुंचे, तब यूरोप के दार्षनिक इनको पढ़ कर आष्चर्यचकित रह गये। प्रसिद्ध दर्षनषास्त्री ष्लेगल भगवदगीता को पढ़ कर वज्द में आ गया। अर्थात आनंदातिरेक में झूम उठा और इसकी प्रषंसा करने लगा। षापनहावर और मेजिनी के विचारों पर गीता का गहरा असर हुआ। एमर्सन का गुरू थोरो भगवद् गीता का भक्त बन गया। उसने एक स्थान पर कहा है, 'मैं प्रतिदिन भगवद् गीता के पवित्र जल से स्नान करता हूं। वर्तमान काल की (अन्य) कृतियों से यह कहीं श्रेयस्कर है। जिस काल में यह लिखी गई वह सचमुच ही निराला काल रहा होगा।' (पृश्ठ 18–19)

यह श्रीमद् भगवद्‌गीता के मनन या लेखन का पुण्य रहा हो अथवा अन्य कोई कारण भाई परमानंद की फांसी आजीवन कारावास में बदल गई। देष की जिस आजादी के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व त्याग दिया उसकी प्राप्ति के बाद वे केवल चार माह ही जीवित रह पाये। अनेक क्रांतिकारी तो मातृभूमि की बलिवेदी पर हंसते–हंसते प्राणोत्सर्ग कर गये। गीता उन्हें अक्षय जिजीविशा प्रदान करती रही। ब्रिटिष जेलर और अन्य अधिकारी यह देख कर विस्मित होते थे कि गीता के ष्लोकों का जाप करते हुए वे क्रांतिवीर फांसी के फंदे की तरफ किसी धीरोद्धात नायक की भांति सीना ताने हुए सधे हुए कदमों से इस प्रकार जाते थे मानों वरमाला पहनने जा रहे हों।

महात्मा गांधी ने बड़ी स्पश्टता के साथ कहा था कि स्वतंत्रता आंदोलन सहित उनका संपूर्ण जीवन गीता के दर्षन से संचालित रहा। दिलचस्प तथ्य यह है कि गीता के प्रति गांधीजी की भक्ति अंग्रेजी कवि एडविन अर्नाल्ड की काव्यकृति 'सेलेषियल सांग' पढ़ने से जागृत हुई। गांधी ने लिखा था, ''सन् 1889 में गीता से मेरा प्रथम परिचय हुआ। उस समय मेरी उम्र 20 साल की थी। सर एडविन ऑर्नोल्ड का गीता का बहुत ही अच्छा काव्यानुवाद मैंने पढ़ा। उस पर मैं मुग्ध हो गया। तब से लेकर आज तक गीता के दूसरे अध्याय के अंतिम 19 ष्लोक मेरे हृदय में अंकित हैं। मेरे लिए तो सारा मानव धर्म उसी में आ गया है। उसमें संपूर्ण ज्ञान है।उसमें कहे हुए सिद्धांत अचल हैं। उसमें बुद्धि का भी संपूर्ण प्रयोग किया गया है। लेकिन यह संस्कारी बुद्धि है। उसमें अनुभवजन्य ज्ञान है। गीता का तात्पर्य कुल मिलाकर हिंसा नहीं, अहिंसा है। हिंसा से बचने का मार्ग गीता सिखाती है। लेकिन साथ–साथ वह यह भी कहती है कि कायर होकर भागने से हिंसा से नहीं बच सकोगे। जो भागने का विचार करता है वह मारेगा या मरेगा। मैं तो दुर्योधनादि को आसुरी और अर्जुनादि को दैवी वृत्ति मानता हूं। यह षरीर ही धर्म क्षेत्र है। इसमें द्वंद्व चलता ही रहता है।''

महात्मा गांधी ने गीता दर्षन के आधार पर ही भारतीयों को मृत्यु–भय से मुक्त करके निश्काम कर्मयोगी की भांति स्वतंत्रता आंदोलन में प्रवृत्त किया था। गांधी ने अहिंसा को एक षस्त्र के रूप में अपनाया था। उनकी अहिंसा में न भीरूता थी, न पलायन। वह वीर की अहिंसा थी। गांधी की इन पंक्तियों पर विचार करिए तो गीता का वीरतापूर्वक युद्ध में प्रवृत्त होने का दर्षन बड़ी प्रखरता के साथ उनसे झांकता प्रतीत होता है, ''यदि कायरता और हिंसा में से किसी एक को चुनना हो तो मैं हिंसा को ही पसंद करूंगा। वीरतापूर्ण आचरण साहस है, मैं उसी की साधना करता हूं। लेकिन जिसमें ऐसा साहस नहीं है, वह भी भागते हुए लज्जाजनक मृत्यु का वरण न करे, मैं तो कहूंगा, बल्कि वह मरने के साथ मारने की भी कोषिष करे, क्योंकि जो इस तरह भागता है वह अपने मन पर अन्याय करता है। वह इसलिए भागता है कि मारते–मारते मरने का साहस उसमें नहीं है। एक समूची जाति के निस्तेज होने की अपेक्षा मैं हिंसा को हजार बार अच्छा समझूंगा।''

गांधीजी को जीवन में, विषेशकर स्वाधीनता आंदोलन के दौरान अनेक प्रसंगों पर अनिर्णय की स्थिति का भी सामना करना पड़ा। अहिंसा में अटल विष्वास और मृत्यु भय से मुक्त मोहनदास करमचंद गांधी को कई बार ऐसी विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ा जब वे असमंजस में पड़ गये। उन्होंने दो टूक कहा जब भी ऐसी किसी विशम स्थिति ने मुझे जकड़ा मैं उससे पार पाने के लिए गीता के आश्रय में चला गया। आज भारत जब एक लम्बी छलांग लगाने का साहस जुटा रहा है तो उसके नेताओं, नीति–निर्माताओं और प्रषासकों के लिए गीता मानसिक – षारीरिक जिजीविशा के नये स्रोत खोलने में उपयोगी है। गीता को एक धर्मग्रंथ के रूप में नहीं बल्कि एक जीवन–दर्षन निर्देषिका के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। फिर भी उसे लेकर ऐसे किसी उपक्रम से बचना चाहिए जिसके किसी समुदाय को लगे कि गीता को उसके बच्चों पर जबरिया लादा जा रहा है। भगवद् गीता का मर्म भी यही है कि इसका अध्ययन–मनन वही करें जो इसे मनोवैज्ञानिक संबल और मार्गदर्षिका के रूप में लेना चाहते हैं। गीता का मूलमंत्र ही उन्माद, मनोद्वंद्व, अनिर्णय, भ्रम और कर्मण्यता में फंसे मनुश्य और समाज को उन सबसे मुक्ति का मार्ग सिखाना है।

आज भारत जिन विशम चुनौतियों और भीतरी तथा बाहरी खतरों में फंसा हुआ है उनसे उसे उबरने के लिए गीता के कर्मयोग में तपे हुए तेजस्वी राश्ट्र नायकों की आवष्यकता है। क्षुद्र, स्वार्थी और पदलोलुप निस्तेज राजनीति वोटों का पहाड़ा पढ़ती हुई यदि गीता के महत्व को अस्वीकार करती है तो उस पर केवल दया की जा सकती है, क्योंकि गीता द्वेश और घृणा नहीं सिखाती।

—0— दिनांक 15.02.2015

'जिसका हिंदुस्तान है, उसका है कश्मीर'

'चांदी जैसा ताज है, सोने जैसे केश, सागर चरण पखारता, ऐसा अपना देश'... 'मानचित्र पर लाख तुम खींचा करो लकीर, जिसका हिंदुस्तान है ,उसका है कश्मीर...',शायर अंसार कम्बरी

—असार कबरा, कानपुर

दोहे

बाल्मीकि के जाप से निकला यह परिणाम।
श्रद्धा होनी चाहिये, मरा कहो या राम।।

चाहे वो आषीश दें, चाहे मारे बाण।
रघुनन्दन के हाथ से होता है कल्याण।।

मन के कागज पर अगर लिखलो सीता–राम।
घर बैठे मिल जायेंगे तुमको चारों धाम।।

जिस गुलषन से आये हैं, सबके नबी–रसूल।
मेरे मत में राम हैं, उसी चमन के फूल।।

चाहे गीता बांच ले, चाहे पढ़ें कुरान।
ज़र्रे–ज़र्रे में खुदा, कण–कण में भगवान।।

मन से जो भी भेंट दे उसको करो कबूल।
काँटा मिले बबूल का या गूलर का फूल।।

साधु संत चले गये सब जंगल की ओर।
मंदिर मस्जिद में मिले रंगबिरंगे चोर।।

या वे इसकी सौत है, या ये उसकी सौत।
इस करवट है ज़िन्दगी, उस करवट है मौत।।

अंधे गद्दी पा गये बहरे हुये महान।
हम कहते हैं खेती की, वे सुनते खलियान।।

सावधान रहिये सदा अब उनसे श्रीमान।
जो कोई पहने मिले खादी का परिधान।।

—वागीष दिनकर

गजल

जहां पर आपका आभास होगा
वहां पतझार भी मधुमास होगा।।

यूं ही होता नहीं लहरों में कम्पन,
कोई प्यासा नदी के पास होगा।

मेरे घर मन्थरा है, कैकेई है,
मुझे भी एक दिन वनवास होगा।

अगर होंगी कही, वैभव की बातें
कटे हाथों का भी इतिहास होगा।

जो हम लड़ते रहे मज़हब को लेकर
कोई गालिब न तुलसीदास होगा।

—0—

''मेरे जीवन की सफलता की चाभी राम नाम में मेरा अटल विष्वास है।''

— महात्मा गाँधी

''मैं यह मानता हूं कि टकराव छद्म सेकुलरवाद और राश्ट्रवाद के बीच ही है। सवधर्म समभाव ही सच्चा सेक्युलरवाद है। हिन्दुस्तान के राश्ट्रवाद की जड़ों में सर्वधर्म समभाव की भावना निहित हैं।

दुर्भाग्य से कुछ फिरका परस्त ताकते झूठे सेक्युलरवाद का सहारा लेकर राश्ट्रीय ताकतों को दबाने की कोषिष कर रही है। ये फिरकापरस्त ताकतें भारत को दुबारा 1947 के पहले की मुस्लिमी लीगी मानसिकता की ओर ले जाना चाहती है।''

— सिकन्दर बख्त

बौद्धिक समाज सत्य घटना को भी बाद में काल्पिनिकता की संज्ञा दे देता है। राम और कृश्ण काल्पिनक पात्र नहीं इतिहास है। आज से पांच सौ वर्श बाद लोग महात्मा गाँधी को भी काल्पिनिक पात्र समझने लगेंगे।''

— भगवान कथा षिल्पी रमेंष ओझा

हमारी सांस्कृतिक विरासत और आज की व्यवस्था

सुशील चन्द्र वर्मा
पूर्व सांसद, भोपाल

कितनी गिरावट आ गई है, आती जा रही है, भारत की मौजूदा व्यवस्था में। चाहे प्रषासन हो, चाहे व्यापार हो, चाहे रोजमर्रा का जीवन हो, चाहे जन आचरण हो, चाहे नैतिक स्तर हो। एक प्रकार की होड़ लगी है, नीची से नीची सतह पर उतरने की। ऐसा प्रतित होता है कि जीवन के साधन जुटाने में सब लगे हैं, धन एकत्रित करने के लिये, सत्ता हथियाने में, प्रतिश्ठा पाने के लि ये चाहे अंदर से खोखली ही क्यों न हो। तनिक भी फिक्र नहीं है कि जो तरीके अपनाये जावें पाक साफ हो। जो मंजिल मन में ठान ली है, उस तक पहुंचनाही है, तौर तरीके गलत भी हों तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। साधन ने दबोच कर रख दिया है, सच्ची साधना को। पर भग्यवष इस रोग से पीड़ित है, भारत की आपार जनसंख्या का केवल एक छोटा सा वर्ग, नेताओं का, नौकरषाही का, जामाखोंरो का, तस्करों का कालेधनियों का। भारत के असंख्य नर—नारी और बच्चे अभी अपने ईमान को कायम रखने की लगन रखते हैं उसकी हिफाजत करते हैं। भूखे हैं, नंगे हैं, सिर पर साया नहीं है, पीड़ित हैं,अनेक प्रकार से, पर वे भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजो कर रख रहे हैं। भारत की काया के कुछ छोटे छोटे अंगों में रोग घुल गया है, पर हृदय निर्मल है, विषाल है, उदार है। इस स्थिति का सबूत मिलता है जब कुंभ मेले व अन्य धार्मिक आयोजनों में लाखों की संख्या में भीड़ जुटती है। ईद के मौके पर हजारों की संख्या में लोंग खुदा की इबादत करने आते हैं, दुआ मांगते हैं,उर्दू षायर इकबाल लिखते हैं :—

एक ही सफ में खड़े हो गये महमूद ओ अयाज,
न कोई बंदा रहा न कोई बंदा नवाज।
बंदा ओ, साहबों मुहताज व गनी एक हुए,
तेरी दरगाह में पहुंचे तो सभी एक हुए।

गिरजा घरों और गुरूद्वारों में नर, नारी और बच्चों की श्रद्धा और लगन देखकर हृदय गद्‌गद् हो जाता है। भारत का इन्सान अभी भी, बीसवीं सदी के आखरी दषकों में, ईष्वर पर भरोसा रखता है, और अपने अपने धर्म और षास्त्रों में बताये गये रास्ते पर चलता है। अभी भी इस देष में ऋशि मुनि और संत धर्म की धुरी संभाले हुए हैं। गरीबी जरूर है, पर चरित्र की पवित्रता कायम है। भारत के आम इन्सान का अपना आत्म सम्मान है, फटे कपड़ों के अंदर भी उसके

गर्व की आभ झलकती है। अमीरों की तरह वह निदंनीय और घृणित हथकंडे नहीं अपनाता, किसी का षोशण नहीं करता, दौलत के पीछे नहीं दौड़ता। विरासत में भारत को अनमोल धन मिला है। वेद, पुराण, उपनिशद, स्मृति , रामायण, महाभारत गीता इत्यादि सत्य, त्याग, तप, निश्ठा, दया की मिसालों से भरे हैं। एक नहीं हजारों महान आत्माओं ने ऐसे ऐसे आदर्ष देषवासियों के मार्गदर्षन के लिए प्रस्तुत किए हैं, जिन्हें सुनकर ही मनुश्य चकित हो जाता है। हमारे ग्रंथें में स्वार्थ, अहंकार, राग, द्वेश, अनाचार, अत्याचार, व अनेक तामासी कर्मो की खुलकर निन्दा की गई है। उनकी खिल्ली उड़ाई है। भारत ऐसा देष है जहां न केवल ऋशि मुनि समय समय पर समाज को नई दिषा देते रहे हैं, बल्कि षास्त्रों के अनुसार परमपिता परमेष्वर ने स्वयं आदर्ष प्रस्तुत करने के लिए जन्म लिया है। विरासत के भंड़ार इतने भरे पड़े है जिसकी तुलना नहीं की जा सकती। आज के बिगड़ते हुए हालात की पृश्ठभूमि में यह अत्यंत आवष्यक है कि पूरा देष सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की याद करें, जिससे कि मनुश्यत्व का जो क्षीण होना दिख रहा है उसमें रोक लग जावे। भाग्यवष इस दिषा में भारत वासियों का रूझान बढ़ता नजर आ रहा है। उम्मीद कायम होती है कि धर्म की जो ग्लानि होते दिख रही है, उसमें रूकावट जरूर आवेगी। गुमराह नजर आता मुल्क जल्द ही धर्म की राह पर कदम रख तेज रफ़्तार से आगे अढ़ेगा।

अक्सर यह कहा जाता है कि भारत में परिवर्तन बहुत धीमी गति से होता है। कुछ लोग इसे भारत का पिछड़ापन कहते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत आकार और उसकी करोंड़ों की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए, परिवर्तन की स्थिति पैदा करना कठिन है। पर इसका एक अच्छा पहलू यह है, कि भारत में जो कुछ भी होता है, उसकी अच्छी तरह से परख की जाती है। छोटे छोटे देषें की तरह, जिनकी कोई सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत नहीं है, उनके समान भरत गिरगिट की तरह रंग नहीं बदलता है। भारत की यह स्थिरता बहुत लाभदायक साबित हुई है। यदि ऐसा नहीं होता, तब भारत की षकल आज अफ्रीका और अमरीका के देषों जैसी होती। इन महाद्वीपों में जब यूरोप के जत्थे के जत्थे पहुंचे, उन्होंने आदिम जातियों की सभ्यता नेतानाबूद कर दी। ऐसा तूफान छोड़ा जिसके सामने मूल निवासीयों के पैर उखड़ गये। उनकी मान्यता, उनके ठौर, उनके जीवन की प्रणाली, सब कुछ यूरोप के देषों के प्रभाव से परिवर्तित हो गई। अमेरिका महाद्वीपों में तो मूल निवासियों का प्रायः सफाया ही कर दिया गया है। अफ्रीका के देषों में ऐसा नहीं हो पाया पर इस महाद्वीप की जो मूल सभ्यता थी, उसकी झलक देखने तक को नहीं मिलती। यहां तक कि पहले कुछ भी उनका मजहब रहा होगा, उसका नामोनिषान तक नहीं है। प्रायः पूरे अफ्रीका महाद्वीप में इस्लाम और ईसाई धर्म पहुंच गया। ऐसा नहीं कि भारत की षकल सूरत को बदलने की कोषिष नहीं की गई। पर भारत



में विदेषियों के अनेक हमले हुए पर वे इस देष की रीढ़ झुका तक नहीं सके। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कितनी सुन्दरता से भारत की षक्ति का वर्णन किया है :–

केह नाहि जाने, कार आह्वाने, कत मानुशेर धारा,दुर्वार सोते ऐलो कोथा हते, समुद्र हलो हारा हैथाय आर्य, हेथा अनार्य, हेथाय द्राविड़ चीन,ष्क हूण–दल, पाठान– मोगल, एक देहे हलो लीन।

(किसी को भी ज्ञात नहीं है कि किसके आह्वान पर मनुश्यता की कितनी धारायें दुर्वार वेग से बहती हुई कहां कहां से आई और इस महासमुद्र में मिलकर खो गई। यहां आर्य हैं, यहां अनार्य हैं, यहां द्राविड़ और चीनी वंष के लोग भी हैं। षुक्र हूण, पठान और मोगल न जाने कितनी जातियों के लोग इस देष में आये और सबके सब एक ही षरीर में समा कर एक हो गये।)

रामायण और गीता में भारतीय आध्यात्मिक चिंतन का निचोड़ है। इन पर ज़रा नज़र ड़ाले।

गीता के तीसरे अध्याय में कृश्ण ने अर्जुन से कहा–

यदि ह्यळह्ं न वर्तेय जातु कर्मण्यतन्द्रितः।
मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुश्याः पार्थ सर्वषः।।

(यदि कदाचित मैं सावधान होकर कर्मो में न बरतूं तो बड़ी हानि हो जाय क्योंकि मनुश्य सभी प्रकार से मेरा ही मार्ग का अनुसरण करता है।)

उसी अध्याय में फिर कृश्णा कहते हैं :–

यद्यदाचरित श्रेश्ठ स्तत्देवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरूते लोकस्तदनुवर्तते।।

(श्रेश्ठ पुरूश जब जब भी आचरण करता है अन्य मनुश्य समुदाय भी वैसे ही वैसे आचरण करते हैं। वह जो प्रमाण कर देते हैं, समस्त मनुश्य समुदाय उसी के अनुसार बरतने लगते हैं।)

कितनी खूबी है इन ष्लोको में। यह दोनों ष्लोक कितने उपदेष रखते हैं, उन व्यक्तियों के लिए जो भाग्यवष

ऊंचे ऊंचे स्थानों पर आरूढ़ हो गये हैं। कितनी आवष्यकता है इस बात की कि जिन व्यक्तियों के हाथ षासन की बागड़ोर है, वे अपना आचरण ठीक रखें।

भगवान कहते हैं कि उन्हें भी स्वयं सावधान होकर कर्म करने की आवष्यकता है। भगवान तो सर्वषक्तिमान हैं, सर्व ज्ञाता हैं, पूरी सृश्टि को जन्म देता है। फिर भी वह ''सावधान'' रहने की चेतावनी देते हैं। जब भगवान स्वयं अपने लिये ऐसा बन्धन व्यक्त करते हैं, ऊंचे विचार करे। अभाग्यवष भारत में ऐसी धारणा बनी है कि जो सत्ता में है, ऊंचे पदों पर आरूढ़ हैं, वे जैसे चाहें वैसे आचरण कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति दूसरों को अनेक प्रकार के उपदेष देते हैं। पर अच्छे आचरण के मुतल्लिक खुद अपने जीवन में अपने ही द्वारा कहे जाने वाले उपदेष का पान नहीं करते। दो प्रकार के मापदंड़ स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। एक उस श्रेणी के लिए जिसके हाथ प्रभुता हाथ लग गई है। दूसरा, सामान्य नर–नारी के लिए। पर मनुश्य समाज में आचरण के कभी भी दो मापदंड़ न तो स्वीकार किए जायेंगे और न उनका चलन होगा।

मौजूदा भारतीय जीवन के भयंकर प्रकोप है, चापलूसी, चाटूकारी और व्यक्ति पूजा। एक बड़ी घातक विकृति यह है कि बिना डर और लालच के विचार व्यक्त करना गुनाह समझा जाता है। आषा थी कि नई पीढ़ी के द्वारा बागड़ोर संभालने पर इस बीमारी से देष निजात पायेगा। पर उल्टा ही हो गया है। अब तो न केवल ''हां में हां'' मिलाना पड़ता है, बल्कि सियारों के समूह जैसे यदि एक सियार ने ''हुआं हुआं'' चिल्लाना षुरू किया तो वह राग सब अलापने लगते हैं। होड़ लगती है कि किस सियार की आवाज सबसे बुलन्द थी। मातहत व्यक्ति चाहे वे मंत्री हो या षासकीय अधिकारी,ऐसी सलाह देते हैं या विचार व्यक्त करते हैं जो ऊंचे पद पर बैठे हुए व्यक्ति पंसद करें। ऊंचे से ऊंचे पद पर आरूढ़ नेता केवल वही सुननता चाहते हैं जो उन्हें पसंद हो गया जिसके मुतल्लिक उन्होंने पनी राय कायम कर ली हो। पूरा प्रषासकीय तंत्र इस रोग से ग्रसित हैं। विदेष राज्य के समय तक प्रषासन की यह परम्परा रही थी कि अधिकारी वर्ग खुलकर अपनी राय व्यक्त करते थे। इस बात की तनिक भी चिन्ता नहीं की जाती थी कि जिसे राय दी जा रही है, उसे वह राय पसंद आयेगी या नहीं। केवल गुण दोश के आधार पर विचार व्यक्त किए जाते थे। ऐसा करना मानसिक ईमानदारी की निषानी थी।

इधर 15–20 वर्शो में हालात बिलकुल बदल गए हैं। केवल प्रषासन में ही नहीं बल्कि उद्योग, व्यापार और यहां तक कि धार्मिक संस्थाओं में भी यह प्रवृत्ति देखी जा रही है कि सुर में सुर मिलाओ। मन में कुछ और विचार रहते हैं, पर बोलने और लिखने में बिलकुल उसके विपरित राय व्यक्त की जाती है। इसका बुरा असर कुछ समय बाद सामने आने लगता है। गलत राय आधारित जो भी

निर्णय लिए जाएंगे अन्ततः वे नुकसान दायक होंगे। ऊंचे पदों पर आरूढ़ व्यक्ति गुमराह हो जाते हैं। गलत निर्णयों के जाल में वे फंसते जाते हैं और एक दिन उनका पतन हो जाता है।

चाटुकारी के खतरे से बचने के लिए राचरितमानस तक मैं आगाह किया गया है। तुलसीदास ने लिखा है :–

सचिव वैद गुर तीनि जो,बोलहिं भय आस।
राज धर्म तन नीति कर होई बेग हीं नास।।

(मंत्री, वेद और गुरू–यह तीन या तो प्रसन्नता के भय या लाभ की आषा से, हित की बात न कहकर प्रिय बोलते हैं, तो राज्य, षरीर और धर्म इन तीनों का षीघ्र नाष हो जाता है।) कितने स्पश्ट षब्दों में ठकुर मुहाती की बुराइयों के सामने रखा गया है। विरासत में मिले इस उपदेष की अवहेलना की जा रही है पर कीमत भी चुकानी पड़ रही है। रामायण से सम्बन्धित एक प्रसंग

संतो से सुना जाता है। 14 वर्श वन में रहने के उपरान्त भगवान राम अयोध्या वापस आए। उनका राजतिलक हुआ। कहा जाता है कि रात्रि के समय रघुनाथ जी कैकेयी के कक्ष में गए। वहां तीनों माताएं कौषल्या, सुमित्रा, कैकेयी और छोटे भाई अपनी पत्नि समेत उपस्थित थे। सीता तो रघुनाथ के साथ ही आई थी। भगवान राम ने अपने छोटे भाईयों की पत्नियों से कहा कि अयोध्या वापस आने पर वे बड़े प्रसन्न हैं, उनका राजतिलक भी हो गया है जो उन्हें भाये, उसकी वे मांग करें। भगवान राम ने उर्मिला से पुछा कि उनकी क्या इच्छा है। उर्मिला ने कहा कि लक्ष्मण को राम और सीता की सेवा करने का अवसर मिला, यही उनके लिए सब कुछ है, और उन्हें कुछ नहीं चाहिए। तब राम ने भरत की पत्नी मांड़वी से पुछा कि उन्हें क्या चाहिए। मांड़वी ने कहा राम ने भरत के प्रति कृपा और विष्वास प्रदर्षित किया है वही प्रर्याप्त है उन्हें और कुछ नहीं चाहिए। तब बारी आई षत्रुघ्न की पत्नी श्रुतिकीर्ति की। राम ने उनकी ओर देखा और अनुरोध करते हुए कहा कि कम से कम वे तो कुछ मांगे। श्रुति ने कहा :– ''मैं जो मांगूगी वह आप देंगे''? भगवान ने पूरी तरह आष्वस्त किया। तब श्रुति ने कहा : ''मेरी विनती है कि पेड़ों की छाल (वल्कल) के जो कपड़े आपने पहने थे, वे मुझे दे दिए जाएं''। यह मांग सुनकर रामजी को बहुत आष्चर्य हुआ। उन्होंने श्रुति से पुछाः ''यह किस प्रकार की मांग है तुम बल्कल के कपड़ों का क्या करोगी? मैं समझता था कि किसी कीमती चीज की मांग करोगी।

श्रुति ने उत्तर दिया : ''महाराज, आपके द्वारा पहने गए बल्कल के वस्त्रों को मैं महल में प्रदर्षित करूंगी जिससे कि सूर्यवंष में होंने वाले राजा स्वयं देखें कि उनके कुल में एक ऐसा राजा पैदा हुआ था, जिसने 14 वर्श वल्कल के कपड़े पहन कर वन में बिताए''।

सादगी के जीवन के महत्व को सामने लाने की इससे और अच्छी मिसाल क्या हो सकती है। कितना बड़ा उपदेष रामायण के इस प्रसंग ने भारत के सामने रखा है, सादगी का। महिमा कुछ और ही होती है सरल एवं स्वच्छ जीवन की। आज के हालात ये है कि नेता अफसर और धनाइय वर्ग ऐसे ऐष्वर्य में जीवन बिता रहे हैं, जिसे देखकर समृद्ध देष के लोग भी आष्चर्य करते हैं। कहां तो इस देष में 50 प्रतिषत जनता गरीबी रेखा के नीचे जीवन बिताती है। कहां एक छोटा सा वर्ग देष की सम्पत्ति हथिया कर ऐषो–आराम की जिन्दगी बसर कर रहा है।

रामायण के प्रसंग की बात तो अतीत की है। हमारे सामने ही इस युग में मोहनदास करमचंद गाँधी जैसे महान व्यक्ति ने अपना जीवन झोपड़ी और खादी की धोती पहन कर बिताया।यदि कोई सेवाग्राम जाकर देखें, तब उसे अहसास होगा कि सादगी से गांधी जी रहते थे। जिस कुटिया में उन्होंने अपना जीवन बिताया और अंग्रेजी सल्तनत की नींव हिला दी, उसकी आज की भी कीमत 5–6 हजार से अधिक नहीं होगी। जब गांधी जी ने कुटिया बनवाई होगी, तब उस समय तो कुछ सैकड़ो रूपये में ही उसका निर्माण पूरा हो गया होगा।देष के सामने इतना ताजा और ज्वलन्त उदाहरण रहते हुए भी हमने सादगी के जीवन को अपनाया नहीं है। इस भूल के लिये देष को भारी कीमत चुकाना पड़ रही है, भ्रश्ट्राचार, धन संग्रह, और षोशण के रूप में। अमीरों के गुणनान गाए जा रहे हैं, चाहे वे तस्करी क्यों न करते हों। उनके पीछे भीड़ जमा होती है, जय जयकार करने के लिए। कितनी सार्थकता इस दोहे में :

यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः
स पण्डितः सः श्रुतवान् गुणज्ञः।
सर्वे गुणाः कांचनमाश्रयन्ते।।

(जिसके पास धन है, वही व्यक्ति उच्च कुल का माना जाता है। वही विद्वान, वेदों का अधिकारी और गुणों का पारखी माना जाता है। वही श्रेश्ठ वक्ता है वही दर्षन योग्य है। इस प्रकार सब गुण मनुश्य में नहीं, धन में होते हैं।)

निडर होकर राय वही दे सकता है, जिसकी स्वयं की नीयत साफ हो और जिसमें नैतिक ताकत हो। यदि राय व्यक्त कर रहा व्यक्ति स्वयं भ्रश्ट्राचार के चंगुल में फंस चुका है या किसी स्वार्थ या भय से वह प्रेरित है, तब वही कभी खुलकर अपनी बात नहीं कह सकेगा। निजी क्षेत्र में व्यक्ति के मन में दूसरे की नाराजगी का भय कुछ वाजिब लगे, पर षासकीय क्षेत्र में तो भारतीय संविधान के द्वारा इतना सुदृढ़ संरक्षण षासकीय कर्मचारीयों को दिया गया है कि उनके

मन में किसी प्रकार के संकोच का तनिक भी औचित्य नहीं है। दरअसल संविधान के संरक्षण का मुख्य उद्देष्य ही है कि षासन का कार्य खुले तौर से हो, आड़ में नहीं, अधेरे में नहीं। यदि खुल कर राय देने से मंत्री वर्ग प्रसन्न हो जावें, तो वह कर भी क्या सकता है। स्थानान्तर कर देगा या इधर उधर के पदों पर आरूढ़ कर देगा, जो महत्वपूर्ण या प्रभावषील हीं माने जाते हैं। इस स्थिति के लिये षासकीय कर्मचारियों को तैयार रहना चाहिए। पर ऐसा हो नहीं रहा है। मंत्री वर्ग को प्रसन्न रखने की भरकस कोषिष की जाती है। जाहिर है कि इस हालात के लिए जिम्मेदार हैं, भ्रश्ट और स्वार्थी कर्मचारी। अफसोस की बात तोयह भी है कि चाटुकारी, चापलूसी, स्तुतिगायन इत्यादि बुराईयों से सीनियर अधिकारी वर्ग परे नहीं हैं। जिन कुरितियों का दोश वे मंत्री वर्ग के उपर मढ़ते हैं, उस प्रकार का दबाव वे स्वयं अपने मातहत कर्मचारियों के उपर ड़ालते हैं। जाहिर है कि बात फिर आ जाती है अपने स्वयं के आचरण की जब तक इस दिषा में खामियां रहेगी, तब तक कभी भी ऊंचे पदों पर आरूढ़ व्यक्तियों के उपदेष और भाशणों का कोई असर नहीं होगा।

सांसारिक क्षेत्रों में घुसी हुई खामियों को तो एक बार समझा भी जा सकता है, पर आष्चर्य होता है यह देखकर कि धार्मिक क्षेत्र में भी ठकुर सुहाती का रोग घर कर गया है। बड़े बड़े मठाधीष ऐषो आराम की जिन्दगी बसर करते है। वे भी चाहते है कि उनकी स्तुति का गान सदा चलता रहे। जो कुछ भी वे कहें, उसकी वाह वाही होना चाहिए।

आजकल के आश्रमों में होड़ लगी है कि कितने विदेषी षिश्य वहां आते जाते रहते हैं। मठाधीष अपने प्रवचनों में यह कहना भी नहीं भूलते की उन्होंने विदेष की कितनी यात्राएं की और विदेष में कहां कहो उनके मठ की षाखायें खोल दी गई हैं। बड़ी वेदना होती है, यह सब देखकर एक युग था जब यही भारत एक से एक विद्वान और चरित्रवान ऋशि मुनियों से भरपूर था। उनके पवित्र आश्रमों से ही वेद,पुराण,उपनिशद,रामायण,गीता, के संदेष प्रसारित हुए। एक से एक दिग्गज पैदा हुए। बाल्मीकि, अत्रि, पिपल्लाद, विष्वमित्र ,भारद्वाज ,याज्ञवलक्य,अगस्त्य इत्यादि। इन महान आत्माओं की लगन और और परिश्रम के फलस्वरूप ही भारतीय संकृति की ऐसी गहरी नींव पड़ी कि आज तक इस प्राचीन देष की रचना को कोई हिला नहीं पाया है। विष्वास और आषा है कि इन विभूतियों के द्वारा दी गई विरासत ही देष को मौजूदा नैतिक संकट से उबार लेगी।

—0—

होंगे रचना मग्र वही विद्रोही बागी

–रामेश्वर शुक्ल ''अंचल'',जबलपुर

प्रलय–रात अधियारी।
घिरे बरसने को अनियंत्रित बादल परिवर्तन के
धनीरात अंधियारी।
बरस रहे फिर–फिर घिरने को नभ ढैकने को।
कांप रही सदियों की कारा
किरी युगों की पाशाणी प्राचीरें
तोड़ चुके बंदी जंजीरें।
नभ में कुंदन करते नील सितारे
भू के सब बिखरे स्वर मिल–मिल कर बढ़ चलते
मग में जलती बाधाओं के अगणित स्पुलिंग उभरते
बढ़ते चलते नव जीवन के वेग संभलते
अंधकार में मग न सूझता
बढ़ा जा रहा धरती का स्वामी विरोध से भिड़ा जूझता
संघशों की बेला है यह प्रलय रात अंधियारी।
चले जा रहे अपना ध्येय संभाले
नये चरण की नयी प्रगति
गहन सिन्धु बरसाती तम का मुक्ति–मार्ग को घेरे
रह–रह कर जल उठते संकल्पों सी चमकी बिजली,
क्षण भर को पथ अलोकित कर जाती
कांप रहे संतरी धराषायी कारा के
देख–देख मिट्टी में चेतन की विद्रोही ज्वाला
दमकेगी अब उशा विभा की
फूट–फूट लहरायेंगे किरणों को निर्झर
स्वतंत्रता की अरूणाई से लोकित दिनकर
नश्ट करेगा दिग्भ्रम–मलिनता निषि की
पंथदाम गति पा जायेगी
जो निरूपराय खड़े हैं जीवन में धंसने को
गगन–षिखर पर चढ़ने को,
उन सबके व्यक्तित्व उठेंगे,और उठेंगे
संहारों के बीच रहे जो लिंप्त निरंतर
सत्यानाषों में मग्न वही विद्रोही बागी
उगते सूरज की उज्जवल पथ–ज्योति
भ्रमाये जीवन में सृजन–चेतना की अवतारी
कुछ घड़ियों की प्रलय–रात अंधियारी।
विजयोन्मुख नूतन भविश्य के चरण चूमने
नव विधान के मंत्र पूजने
चली जा रही प्रलय–रात अंधियारी

''जब कोई विदेषी सत्ता किसी देष पर अपना अधिकार चिरस्थायी करना चाहती है, तो वह उस देष की भाशा संस्कृति, तथा धर्म को नश्ट कर उनके स्थान पर अपनी भाशा संस्कृति तथा धर्म का प्रचार करती है।''



–पं. रविषंकर षुक्ल.



''मुझे भारतीय लोगों से बहुत आषा है। उनमें आधारभूत अच्छाईयां है। चाहे वे आदिवासी हों या हरिजन। सदियों के कई विरोधाभासों को पार कर चुके हैं। यही गुण है जिसकी बदौलत भारत आज जीवित है। उनमें अनेकों विरोधाभास है परन्तु अपने पूर्वजो से सत्बुद्धि प्राप्त हुई है जिसकी बदौलत वे एक हैं।''

– भारतरत्न –जे.आर.डी.टाटा.

''मैं तो यह देखता हूं कि आजकल ऐसा माहौल बन गया है कि जो भी आदमी हिन्दुस्तान कि संस्कृति या हिन्दू धर्म के बारे में अच्छा बोलता है, उसे आर.एस.एस. वाला घोशित कर दिया जाता है।.....हिन्दू धर्म के संबंध में एक यही उदाहरण है – जैसे कुंभ मेंला। इसके बारे में जब लोंग अंग्रेजी अखबारों में लिखते है कि यह एक अंधविष्वास है लेकिन वही लोग ईसाइयत के बारे में ऐसा कभी नहीं लिखेंगे।'' यह कथन मार्क टुली का है। नो फलस्टाप इन इंड़िया पुस्तक में उन्होंने बताया है कि हिन्दुस्तान की संस्कृति दुनिया में बहुत पुरानी है और यह देया अपने आधार पर खड़ा होकर ही आगे बढ़ सकता है, हमारी नकल करके नहीं।

''आज सर्वाधिक आवष्यकता इस बात की हक कि हम भारतीय संस्कृति की सीमेंट से सहोदर समाज का निर्माण करें। भारत की आत्मा एकता में है। 5000 हजार वर्श से भी अधिक समय से भारतीय सथ्यता गौरवषाली है। बाहरी प्रभाव में जो अच्छाईयां हैं उन्हें ग्रहण और आत्मसात किया है। यही एक बात है जिसकी वजह से भारतीय संस्कृति एक अकथनीय अवर्णनीय और सुन्दर है।

– नाना पालखीवाला.

मुझे विष्वास है कि लोग एकता यात्रा से प्रेरणा लेंगे और उनमें राश्ट्रीयता की भावना और ममजबूत होगी। पुस्तक प्रकाषन के लिए मेरी हार्दिक षुभकामनाएं।

पूर्व मंत्री – उच्च एवं षालेय षिक्षा भोपाल
– विक्रम वर्मा

जस्टिस गुमानमल लौढ़ा,पूव ंसांसद
(पाली, राजस्थान)

'लाल चौक पर तिरंगा कैसे फहरा'

26 जनवरी, 1992 का प्रातः काल भारत के मुकुट काष्मीर के लिए अमर व ऐतिहासिक बन गया जब ड़ा. मुरली मनोहर जोषी, अध्यक्ष भाजपा ने लाल चौंक श्रीनगर में ठीक 08:35 पर राश्ट्रीय ध्वज तिरंगा को भारत माता की जयकार के नारों के बीच फहराया। अपने संक्षिप्त भाशण में ड़ा. जोषी ने कहा कि कष्मीर की जनता के हम मित्र हैं व कष्मीर भरत का अविभाजित अंग है, यदि पाक काष्मीर को अपना भाग समझता है तो उसे भूलना चाहिए कि पाकिस्तान स्वयं भारत का ही भाग है। अतः हम किसी भी कीमत पर कष्मीर को बचाएं व इसी राश्ट्रीय एकता के उद्देषय से 11 दिसम्बर, 1991 को कन्याकुमारी से प्रारंभ की गई एकता यात्रा का संकल्प आज काष्मीर में ध्वजारोहण के साथ पूरा हो रहा है। देषी व विदेषी पत्रकारों के कैमरों के फ्लेषों की चकाचौंध से ड़ा. जोषी का मुख सफलता से चमक रहा था व सौ के लगभग भाजपा नेता हजार से अधिक सुरक्षा के संगीनों के साये में भारत माता की जय की नारे लागा रहे थे।

भाशण समाप्त होते ही ध्वजारोहण के तुरन्त पष्चात सीमा सुरक्षा बल की बसों में बैठकर हम हवाई उड्डे के लिए रवाना हो गये, लगभग 10/12 कि. मी. के सफर में लगातार चारों तरफ सड़क पर, चौराहों के चारों ओर और मकानों की छतों पर, दुकानों के बरामदों में मुस्कराते हुए व विजय जैसी सफलता से झूमते हुए सुरक्षा सैनिक अभिवादन स्वीकार करते हुए मिले। कर्फ्यू से ग्रसित लाल चौक ही नहीं पूरे श्रीनगर में एक भी स्थानीय नागरिक सड़क पर ही नहीं बल्कि घरों के अन्दर भी देखने को नहीं मिला। हमारे लगभग 72 भाजपा के नेताओं के काफिले में सीमा सुरक्षा की बसों के अन्दर सैनिक बंन्दूकों से घिरे हुए व दोनों ओर युद्ध वाहक वाहनों की मषीनगनों के वाहन की ओट में व सड़क पर दोनों तरफ हजारों सैनिकों की बन्दूकों की छतरी में ले जाया गया। वायुयान से उड़ने पर सैनिक अधिकारियों ने बताया कि बसों पर गोली बारी होना साधारण है। उस समय सिर नीचे कर के बैठ जायें, बांकी आतंकवादियों से सुरक्षा जवान निपट लेंगे।

यह घोशणा होते ही हमें लगा कि अब हम युद्ध के मैदान में जा रहे हैं जहां दोनों ओर से गोलीबारी होगी, व वह भाग्यवान होगा जो राश्ट्रहित के लिए वीरगति प्राप्त होगा। बसों के काफिलों में हमारे साथ महिलाओं की संख्या भी कम नहीं थी, जिसमें अयोध्या में जेल तोड़कर, केष कटवाकर भेश बदलकर पहुंचने वाली सुश्री उमा भारती के साथ अपनी मां को जम्मू में रहने को बाध्य

कर स्वयं बलिदान देने की होड़ में वसुन्धरा राजेसिन्धिया, महिला नेता मृदला सिन्हा, बम्बई की जसवन्ती बेन मेहता, केरल की मिस मैथ्यूज, अमरीका से विषेशतौर से लाल चौक में समारोह में षामिल होने आई हुई अंजलीबेन जी मेरे साथ अयोध्या सत्याग्रह साहरनपुर जेल में थी, आदि थे। लगभग समस्त प्रदेषों के अध्यक्ष भी साथ थे।

जम्मू में लगभग 1 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रीनगर जाने के संकल्प से आये होने के कारण रोकने में बहुत कठिनाई हुई व कई तो रोते बिलखते हुए बड़े नेताओं के पैर पकड़ यह आर्तनाद करते पाये कि हमें लाल चौक में षहीद होने का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा है।

श्रीनगर में पहुंचने के पष्चात ही हमें काष्मीर की स्थिति का सच्चा व सही आकलन हो सका क्योंकि हमारे ठहरने के लिये न कोई होटल था व न श्रीनगर षहर में कोई स्थान था। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने केवल झंड़े की सुरक्षा ही अपने हाथ में न ली बल्कि नेताओं को अपने केन्टोनमेन्ट के हॉल में रखा, जहां हमारी सुरक्षा के लिए बाहर गोलीबारी की आवाजें रातभर सुनाई देती रही। एक अधिकारी तो 25 जनवरी की रात के ही 26 जनवरी को झंड़ा लगाने की नींव में षहीद हो गया व कईयों ने घायल होकर अपने रक्त में तिरंगे झंड़े का तर्पण किया। रात्रिभर गोलियों की आवाज से सारा इलाका गूंजता रहा व आतंकवादियों ने भाजपा के इस संकल्प को युद्ध की चुनौती की दृश्टि से लिया पर बधाई है हमारे सैनिको को कि उन्होंने उसका मुंह तोड़ उत्तर संगीनों की गोलियों से दिया व उन्हें लाल चौक के पास भी नहीं आने दिया।

रात्रि को सीमा सुरक्षा बल के अतिथ्य में हमें सैनिकों व अधिकारियों का प्यार व दुलार उत्साहित करता रहा, गर्म चाय व समोसे के नाष्ते से हमारा स्वागत किया व रात्रि को पूरी व सब्जी के साथ भारतीय संस्कृति के अनुकूल हलवा भी खिलाया। तंबुओं में ले जाकर राजस्थान के जवानों व अधिकारियों ने मुझे व वसुन्धरा जी को घेर लिया और कई ऐसे अधिकारी थे जिन्होंने मुझे भारत पाक युद्ध के बाद जोधपुर के गिरदीकोट के भाशणों की याद दिलाई जिसमें ''हम व बम'' का समां बंधा रहता था। पं. बंगला के अध्यक्ष श्री सिकन्दर को बंगाली जवान अपने बैरकों मे ले गये व गोलीबारी धमाकों के बीच वात्सल्य सम्मान का यह वातावरण उमड़ता घुमड़ता रहा।

बैरकों के अतिथिगृह में रात्रि को हमारा कवि सम्मेलन भी अद्वितीय रहा जिसमें कलकत्ता के प्रो. विश्णुदत्त षास्त्री द्वारा ''अटल विष्वास बनकर जी'' उमा भारती व उज्जैन के श्री सत्यनारायण जाटिया, दिल्ली सांसद बैकुण्ठ लाला षर्मा ''प्रेम'' ने गोलीबारी के बीच भी लाल चौक में बलिदान होने की प्रेरणा दी।

श्री गणपतचन्द्र भंड़ारी की कविता ''हम तो जय पाने के आदि फिर भी हार गले में ड़ालें क्यों, आवो अमृत इतिहास नये रच डालें फिर लाल चौंक में झण्ड़ा फहराना आज हमें, मत पहनाओं पुश्पहार माता माता कांटों का ताज हमें'' को मैंने सुनाया तो झण्ड़ा रोहण का माहौल खिल गया। उसी समय खबर आई कि हमारी रक्षा में एक थानेदार मारा गया तो मुकुल की सेनानी के कुछ भाग मुझे गाकर सुनाना पड़ा। कडकडाती सर्दी में श्रीनगर की षमषान जैसे स्तबधता को आतकंवादियों व सैनिकों की गोलीबारी बार–बार हमें युद्ध स्थल की याद दिलाती रही।


श्री सिकन्दर बख्त

रात्रि को श्री किषनलाल षर्मा महामंत्री भाजपा ने सूचना दी कि प्रातः काल षौच निवृति जंगल में ही होगा व किसी को भी स्नान करने की सुविधा नहीं होगी। जंगली मैदान में लड़ते हुए सैनिक की तरह अपना सामान लेकर कड़कड़ाती ठंड में 07:30 बजे निकल जाना होगा। सैनिक अधिकारियों ने अपनी मेस के कमरों में महिलाओं के लिए विषेश प्रबंध किया व एक बुखारी से गर्म कमरे के मेस में सिकन्दर बख्त व मेरी वृद्धावस्था को देखते हुए पलंग पर सोने की सुविधा प्रदान की। हमारे अन्य 70 कार्यकर्ताओं को फर्ष पर बैरेक में ठिठूरकर ही सोने को मिला जिसके कारण हमें मानसिक संकोच व तनाव रहा। रात्रि के अन्तिम पहर में लाल चौक में षहीद होने पर राश्ट्रीय सामाजिक व पारिवारिक भविश्य की कल्पनाएं की। तुलना में षहादत का सम्मान प्राप्त होने के गौरव का विष्लेशण होता रहा क्योंकि अधिकतम संभावना यही थी कि झण्ड़ारोहण के समय राकेट व मिसाइल्स से हमला होगा जिसमें सब नहीं तो कुछ अवष्य षहिद होंगे। श्री सिकन्दर बख्त वयोवृद्ध जाने के लिये तैयार हो गये। बस इस बीच यह समाचार मिले कि रात में श्री जोषी एयर फोर्स के विमान से आ पहुंचे हैं, जिन्हें सेना ने गोपनीय स्थान पर रखा है। वहां पर बर्फ के पहाड़ गिर जाने से एकता यात्रा के अन्य केसरिया वाहिनी के देषहित में मरने के लिये सिर पर कफन बांधकर आये दिवानों को निराष होकर वापस जाना पड़ा जिसमें कई तो फूट फूट कर रोये।

डॉ. श्री मुरली मनोहर जोशी

आष्चर्यजनक यह रहा कि पाकिस्तान रेड़ियों ने रात यह घोशणा की एकता यात्रा असफल हो गई है व ऊधमपुर पर रोककर बिखेर दी गई है। जोषी को सरकार ने गिरफ्तार कर लिया। पाकिस्तान सरकार ने इसे पाक सैनिकों की

सफलता बताया व कहा कि 26 जनवरी को एकता यात्रा की नाकामयाबी पर आजाद काष्मीर में जष्न व खुषियां मनाई जायेगी, इधर भारत के आकाषवाणी व दूरदर्षन ने यह संदेष दिया कि श्री जोषी को वायुयान से श्रीनगर पहुंचा दिया है, परन्तु खतरा अभी टला नहीं है। रात्रि भर 26 जनवरी 1992 के प्रातः काल लाल चौंक में रक्तपात के अंदेषों को लेकर भारत भर में चिन्ता की घड़ियां गुजरी। श्रीनगर में भी हजारों जवान रातभर बचाव व सयंम करते करते रहे व दूसरी ओर आतंकवादी लाल चौंक में 11 बजे गोलीबारी, बमबारी व राकेट व मिसाइल्स छोड़ने की तैयारी करते रहे व धमकी देते रहे। सषक्त हजारों सैनिकों ने संगीनों के साये में 26 प्रातः विदेषी व देषी पत्रकारों का समूह लाल चौंक में उसी तरह जुटे जैसे 30 अक्टूबर 1990 को अयोध्या में डटे हुए थे। मीड़िया व इन पत्रकारों की जोखिम में जान डालने की प्रणाली सहासिक है, क्योंकि राकेट, मिसाइल्स के प्रयोग पर उसकी चपेट में भाजपा नेता आयेंगे या पत्रकार या सैनिक इसमें कोई भेद नहीं हो सकता। हमारे ही यान में पॉचजन्य के यषस्वी लेखक श्री भानुप्रताप षुक्ल व इतवारी पत्रिका के तरूण व लोकप्रिय पत्रकार श्री गोपाल जोषी थे जो जम्मू से चले थे व बैरकों में साथ रहे, जिसमें अन्य पत्रकार भी षामिल थे। 26 जनवरी की प्रातः सैनिक क्षेत्र से लाल चौंक की यात्रा, 25 जनवरी की रात्रि को काफिले की यात्रा से सैकड़ों गुनी अधिक सुरक्षा कवच में थी क्योंकि कदम कदम पर सैनिक संगीन ताने खड़े थे व कई जगह तो झुंड के झुंड थे मषीनगन एंटी मिसाइल्स व राकेटो को ध्वस्त करने के लिए यंत्र भी लगे थे जब यद्यपि कूटनीति की एक चाल से आतंकवादियों की रणनीति धवस्त हो गई, जब झंड़ा प्रातः 08:45 पर ही फहरा दिया गया उस समय आतंकवादियों को राकेट छोंड़ने व फायरिंग करने की सुध आई तब तक तो तिरंगा लाल चौंक पर गर्व से फहरा रहा था।

एकता यात्रा का संकल्प पूरा हो चुका, इस कारण निष्चित ही राश्ट्रीय षक्तियों को पूरे भारत में बढ़ावा मिलेगा, परन्तु एक प्रष्नवाचक चिन्ह है, सबकी जुबान पर। श्रीनगर की सैनिक छावनी को अपनी आँखें से देखकर व संगीनी के साये में झंड़ा फहराकर पैदा हुआ कि वह दिन षीघ्र ही आयेगा जब स्वेच्छा से सभी काष्मीरी लाल चौंक में तिरंगें को फहरायेंगे। क्या यह पाकिस्तान में आतंकवादियों को नश्ट कर देने से होगा अथवा अन्य राजनैतिक हल की कल्पना की जा सकती है। यह प्रष्न समस्त राश्ट्र प्रेमियों को चिन्तन कर निष्चित करना होगा। बहरहाल जोषी व भाजपा नेतृत्व को सफलता की बधाई व भारत सरकार व काष्मीर के प्रदेष सरकार को इस सफलता का असली सेहरा बांधा जावे तो अतिषयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि सुरक्षा के बिना केसरिया वाहिनी व भाजपा के ड़ा. जोषी इस सफलता की हिमालयी चढ़ाई को अपना रक्त व प्राण देकर भी पार नहीं कर पाते। प्रधानमंत्री ने निष्चित ही एकता यात्रा को सफल बनाकर सच्ची राश्ट्रीयता का परिचय दिया है, जिससे राश्ट्रीय एकता को बल मिलेगा।

मचल उठा है एक एक जन एक सूत्र में बंधने को

– चन्द्रहास षुक्ल,
भोपाल.

महक रही है केषर क्यारी, फूल बने हैं अंगारे।
पांचजन्य फिर गूंज उठा है गाण्ड़ीव फिर टंकारे।।
मचल उठा है एक–एक जन एक सूत्र में बंधने को।
घुमड़ घुमड़ आते विचार है मानस अमृत मथने को।।

पुण्य भूमि के दामन पर रह जाए न दाग विदेष का।
काष्मीर में फहराएगा झंड़ा अपने देष का।।

दुष्मन बोटी नोंच रहे हैं माँ को ड़ायन कहते हैं।
भगतसिंह– अषफाक करोड़ों कैसे यह सब सहते हैं।।
लुटा आज सिन्दूर चूड़ियां टूटी घर षमषान बने।
एक गुलाब की खातिर कितने लाल गवांए हैं हमने।।

कस केसरिया बाना बोलो लेगें बदला ठेस का।
काष्मीर में फहराएगा झंड़ा अपने देष का।।

जिसकी खातिर मिटे मुखर्जी वो कष्मीर हमारा है।
तेग बहादुर के लोहूने फिर से हमें पुकारा है।।
चीखें आती है कानों में बीती हुई कहानी की।
चलों चुकाने कर्ज पुराना तुमको कसम भवानी की।।

टुकड़ा–टुकड़ा षूल बनेगा मां के बिखरे केष का
काष्मीर में फहराएगा झंड़ा अपने देष का।।

–0–

गमला संस्कृति :–

इस देष को टुकड़े टुकड़े की गुदड़ी तथा विभिन्न संस्कृतियों का कुनबा मानने वाले इसका जन्मकाल 1947 मानते है। वे इतिहास से कुछ सीखना नहीं चाहते पर भविश्य को नसीहत देने पर आमादा हैं। उन्हें इस माटी पर प्राणोंत्सर्ग करने वाले पुरखों से अपना सम्बंध जोड़ने में तो षर्म आती है परन्तु भविश्य के पितामाह बनने के लिए लार टपकती रहती है। जो इस देष की मातृभूमि कहने वालों में फर्क नीहं कर पाते वे कई चीथड़ों को हमारे सम्मान की संस्कृति निरूपित करते हैं।

ऐसी जड़ कतरी हुई संस्कृति की सुविधा भोगी व्यवस्था ने गमलों की इच्छानुसार स्थिति परिवर्तित की। लेकिन ये अलगाव की आँधी और समस्यओंकी सड़ान्ध से बचाने के लिए कभी वट वृक्ष नहीं बन सके। अन्ततः आजादी के पूर्व तक वीर प्रसूता कहलाने वाली यह भूमि सपूतों के लिए तरस गई। गमला संस्कृति की जड़े जमीन में नीहं होती। जड़ कतरी संस्कृति की उपज ये गमले के पौधे संकट के समय छाया कैसे देंगे? यह कभी नहीं सोचा गया। जब हमारे देष की मिट्टी से हमारी संस्कृति के बीज विकसित होंगे तभी समस्याओं से बचाव होना संभव है। और संस्कृति के पुनरूद्वार का कार्य वे ही कर पाएंगे जिनके पांवो में छाले और दिल में उजाले होंगे।

लेखा विहार,
सरोजनी नगर,
नई दिल्ली
22 जनवरी, 1992

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि अच्छे विचारों एवं सस्मरणों से युक्त एक लघु पुस्तिका प्रकाषित करने जा रहे हैं। आपके प्रयास एवं पुस्तिका की सफलता के लिए षुभकामनाओं सहित।

– विजय राजे सिंधिया

–0–

पूर्व प्रधान सचिव
भारतीय जनता पार्टी नई दिल्ली
दिनांक 19 जनवरी, 1992

अलगाववाद उग्रवाद को एक राश्ट्र एक जन के सिद्धान्त तथा उससे उत्पन्न स्व की भावना का प्रकटीकरण करते हुए ही काबू पाया जा सकता है। पुस्तक के उत्तम भविश्य की कल्पना एवं आषंसा के साथ।

षुभकामनाओं सहित – गोविन्दाचार्य

–0–



–षांता कुमार
पूर्व मुख्यमंत्री,हिमाचल प्रदेष, षिमला

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राश्ट्रीय एकता विशय पर पुस्तक प्रकाषित की जा रही है।

आज देष एक ऐसे खतरनाक दौर से गुजर रहा है जहां विघटनकारी एवं अलगाववादी षक्तियां देष की एकता एवं अखण्ड़ता को खतरा पैदा कर रही है। ऐसे में राश्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है।

–0–

मुझे अत्यधिक प्रसन्नता है कि आप ''एकता माला'' पुस्तक का प्रकाषन कर रहे है। यह सराहनीय प्रयास है हमारी यह यात्रा ''ऐतिहासिक'' रही है। इसने देष की एकता अखण्डता के सूत्र को एक नई दिषा प्रदान की है।

– भाजपा सांसद, मेजर जनरल भुवन चन्द्र खन्डूड़ी

एकता यात्रा के दौरान श्री नरेन्द्र मोदी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की हस्तियों के बीच नरेन्द्र मोदी के उदय का और जनता पार्टी (भाजपा) से उनके जुड़ने का स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक बहुत कठिन समय के साथ मिलाप हुआ। संपूर्ण देष ने हर जगह विरोध का सामना किया और केंद्र इस विखंडन का साक्षी था किंतु असहाय था। विरोध पूरे पंजाब और श्रेश्ठता को चुनौती दी जा रही थी। आंतरिक रूप से भी, विभाजक नीतियों ने देष पर षासन किया गुजरात में 'कर्फ्यू' घर के षब्दकोष में सबसे आम षब्द बन गया। भाई को भाई के विरूद्ध, समुदाय को समुदाय के विरूद्ध भड़काया गया क्योंकि वोट–बैंक की राजनीति नियम बन गई।

लोकतंत्र और मुक्त स्वर के मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध एक संगठित और सुदृढ़ भारत के सरदार पटेल के सपने को जीते हुए, एक व्यक्ति जो समय के साथ उभरा, वह श्री नरेन्द्र मोदी थे। उदास राश्ट्रीय परिदृष्य श्री नरेन्द्र मोदी में देषभक्ति को लाया, जिन्होंने अपना सर्वश्रेश्ठ दिया और आदर्शों की लड़ाई में आरएसएस और भाजपा के लिए कठोर परिश्रम किया। उन्होंने बहुत ही कम आयु से ही स्वयं को न केवल एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में बल्कि एक दक्ष आयोजक के रूप में स्थापित किया था। यह ठीक लग रहा था कि वह विपरीत परिस्थिति को चुनौती देते हुए समय का सामना करेंगे।

एकता यात्रा के दौरान श्री नरेन्द्र मोदी अहमदाबाद में

1980 केदषक के अंत तक, देष का सबसे उत्तरी राज्य जम्मू और कष्मीर जिसे 'पृथ्वी पर स्वर्ग' के रूप में जाना जाता था, वह पूर्ण रूप से युद्ध का मैदान बन गया था। 1987 राज्य चुनावों के दौरान लोकतंत्र के कोलाहली समापन के साथ केंद्र की अवसरवादी नीति ने जम्मू और कष्मीर को भारत विरोधी गतिविधियों का गढ़ बना दिया। वो घाटी जिसे कभी पृथ्वी पर सबसे सुंदर स्थान कहा जाता था वह तेजी से युद्ध का मैदान बन रही थी क्योंकि सड़कों पर खून फैला था। मामले को इतने हल्के से लिया गया कि कष्मीर में तिरंगे को फहराना भी वर्जित हो गया था। कोई कार्रवाई करने के बजाय, केंद्र असहाय होकर देखती रही।

रूबैया सैयद, भारत के गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सैयद की पुत्री का 1989 में उन्हीं राश्ट्र विरोध तत्वों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। किंतु, कठोर कदम उठाने के बजाय, नई दिल्ली में सरकार ने भारत विरोधी भावनाओं के साथ प्रसिद्ध अलगाववादियों को षीघ्रता से छोड़ने के लिए आसान रास्ता अपनाया, जिससे ऐसे राश्ट्र विरोधी तत्वों को ढील मिली।

भाजपा भारत की श्रेश्ठता की एस बदनामी का मूक दर्षक नहीं बन सकी। यह एक कष्मीर दौरे की बात ही थी जब श्री ष्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना जीवन त्याग दिया था और दषकों बाद, भाजपा को राश्ट्रीय एकता के कारण बोलने का मौका मिला। अप्रत्याषित स्थिति के प्रतिवाद के रूप में, तात्कालीन पार्टी अध्यक्ष डॉ मुरली मनोहर जोषी ने राश्ट्रीय एकता की वकालत करने के लिए एक 'एकता यात्रा' को प्रारंभ करने का निर्णय लिया। यात्रा कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई, वह स्थान जहाँ स्वामी विवेकानंद को जीवन का उद्देष्य मिला और श्रीनगर में लाल चौक पर तिरंगे फहरने के साथ समाप्त हुई।

श्री नरेन्द्र मोदी के सुस्थापित संगठनात्मक कौषल को ध्यान में रखते हुए यात्रा को तैयार करने का कार्य उनके कंधों पर सौंपा गया, अपने मस्तिश्क, संगठनात्मक दृढ़ता और मेहनत को उत्तरदायित्व में लगाते हुए, उन्होंने बहुत अल्प समय में इसके साथ आए बड़े जोखिमों का सामना करते हुए व्यापक व्यवस्थाएँ की। बिना किसी डर के, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलते हुए, हर उस स्थान का दौरा किया जहाँ से यात्रा को गुजरना था।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित और प्रेसित किया, उनमें देषभक्ति की भावना का निर्माण किया, इस प्रकार यात्रा की सफलता का आधार तैयार किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने न केवल यह दिखाया कि वह एक कुषल आयोजक थे बल्कि उन्होंने किसी भी परिस्थिति में अदभूत गति पर उपयोग करने की क्षमता का भी प्रदर्षन किया था, जो आज सार्वजनिक जीवन में एक दुर्लभ गुण है। श्री मोदी विपरीत परिस्थितियों में भी एक त्वरित निर्णायक के रूप में उभरे और जो उन्होंने निर्णय किया था कुछ लोगों के पास उसे लागू करने की योग्यता थी।

एकता यात्रा के दौरान श्री नरेन्द्र मोदी

एकता यात्रा 11 दिसंबर 1991 को संयोगवष सुब्रमण्य भारती और गुरू तेग बहादुर के 'बलिदान दिवस' पर प्रारंभ हुई। महत्वपूर्ण समस्याएँ, जो संपूर्ण देष में उठी हुई थीं, वे विभाजक और हिंसक नीतियों का विरोध और कष्मीर में आंतक का अंत थीं।

वह जहाँ भी गए, श्री मोदी ने ष्यामा प्रसाद मुखर्जी के संदेष का उद्योश किया, यह कहते हुए कि भारत की एकता अन्य हर चीज से ऊपर है, और कि उन्होंने समाज के विभिन्न मानदंडों में विष्वास नहीं किया। राश्ट्र विरोधी तत्वों के लिए एक उपयुक्त उत्तर समय की आवष्यकता थी और जब समय आया, श्री मोदी ने आगे से नेतृत्व किया। जहाँ कहीं भी एकता यात्रा गई उसको प्रभावषाली अभिवादन मिला। डॉ. जोषी ने राश्ट्रीय पुनरूद्धार की आवष्यकता पर जोर दिया, जिसने भारत के लोगों के साथ एक त्वरित संपर्क को पाया।

दिल्ली में एक अंधी काँग्रेस सरकार के लिए एकता यात्रा के अलावा बेहतर आँखे खोलने वाला कोई और विकल्प नहीं हो सकता था। कहने की आवष्यकता नहीं, यात्रा की सफलता श्री नरेन्द्र मोदी के लिए मील का पत्थर थी, जिसका संगठन कौषल अमूल्य सिद्ध हुआ जैसे–जैसे यात्रा आगे बढ़ी। श्री मोदी ने स्वयं भारत के लोगों से छद्म धर्म निरपेक्षता और वोट बैंक की राजनीति को ठोकर मारने के लिए निवेदन किया था। एक भावुक नरेन्द्र मोदी को देखा जब आखिरकार 26 जनवरी 1992 को श्रीनगर में तिरंगा फहराया गया। सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच इस दुर्लभ राश्ट्रीय अभियान की सफल समाप्ति श्री मोदी की योग्यता को सलामी थी जिससे अदम्य साहस, लक्ष्य, कौषल के साथ राश्ट्र विरोधी तत्वों को प्रभावी उत्तर दिए जाएँ क्योंकि भारत माता की षक्ति ने पुनः एकबार फिर भारत विरोधी तत्वों की मूर्खता को नश्ट कर दिया।

'जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कष्मीर हमारा है'



चेतन चौहान,
सांसद (अमरोहा)

दिल्ली जैसे महानगर में, 218 नार्थ एवेन्यू के कक्ष में मैं जब भी अकेले बैठने का अवसर पाता, राश्ट्रीय भावनाओं से ओत प्रोत ''एकता यात्रा' के विशय में मनन करता रहता। ऐसे पवित्र विचार से मेरा मन गुलाब के समान महक उठता। प्रतिदिन प्रातः नित्य कर्म पद्धति से निवृत हो जब एक बड़े पार्क में वायु सेवन एवं व्याम के लिए जाता, तो पेड़ पत्तों, फूलों–कलियों में तथा चिड़ियों की सरस बोलियों में मुझे एकता यात्रा के दर्ष्न होते एवं मंत्र सुनने को मिलते। अंततः वह दिन आया और मेरा उल्लास कचनार की तरह खिल कर महक उठा। अपने कुछ साथियों के साथ अपनी जिप्सी से जमू के लिए चल पड़ा मन में आतुरता इतनी बिखर रही थी कि चालक के भार मैंने स्वयं ही संभाला। 25 जनवरी 1992 की भोर में हम जम्मू में थे।

थक गई आँखे यह देखते देखते कि सम्पूर्ण भारत के कोने कोने से वहां आये हुए देषभक्तों का एक सागर उमड़ रहा था। लगभग डेढ़ लाख लोगों के ठहरने खाने पीने आदि की व्यवस्था करने वालों का मैं आभारी हूं। इतने बड़े जन–समुदाय को किसी भी प्रकार का कोई कश्ट नहीं हुआ।

मुझे जिस बस से श्रीनगर जाना था दुर्भाग्यवष विलम्ब होने के कारण वह बस मेरे से छूट गई। इस समय मुझे भारी हताषा हुई। मैं एक असफल पथिक की भांति चिन्ताग्रस्त था। मेरे पिता श्री नौरतन सिंह चौहान आर्मी में कर्नल रहे थे। अतः एक वीर सैनिक का पुत्र होने के नाते मैंने साहस नही त्यागा। किसी प्रकार मुझे पता चला कि कुछ ही समय पष्चात् एक विमान काष्मीर जाने वाला है। अतः विधुत गति से मैं सक्रिय हो गया। मैं उ.प्र.भाजपा अध्यक्ष श्री कलराज मिश्र तथा कुछ अन्य व्यक्तिओं से मिला एवं श्रीनगर के लाल चौंक जाने का संकल्प दोहराया अन्त में किसी प्रकार मेरा नाम भी जाने वालों की सूची में जोड़ दिया गया।

समय कम था। अतः ब्रीफकेस को छोड़ मैंने अपने कुछ वस्त्र प्लास्टिक की एक थैली में रखे एवं बताये गये समय से कुछ पूर्व विमान स्थल पर पहुंच गया। प्रतिक्षा की घड़ी आ गई। हम लगभग 70 यात्री विमान में सवार हुए और भारत माता की जयघोश के साथ काष्मीर की सर्द हवा में विमान तैरने लगा। मात्र पन्द्रह मिनट बाद हम श्रीनगर की धरती पर जा उतरे। सुरक्षा प्रबंधो के बीच हम लोगों को ठहरने के स्थान पर ले जाया गया। ठहरने के हाल में घुसते ही

भारत माता की जय एवं वन्दे मात्रम के गगनभेदी नारों के स्वर सुनाई दिये। देखने पर पता चला कि हमारे कुछ साथी व्यक्तिगत रूप से हमसे पूर्व ही एक अन्य विमान द्वारा श्रीनगर पहुंच गये थे और उनको घूमते हुए सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ कर हाल में बिठा लिया था। हम सभी ने उनके इस अदम्य साहस के लिये उनको भरपुर बधाई दी। चाय, रात्रि भोजन एवं कुछ पारस्परिक चर्चा के उपरान्त हम लोग निषा की गोद में निर्भय होकर सो गये। भोर होते ही हम लोग उठे। षौच आदि से निवृत्त हो, अल्पाहार किये एवं लाल चौंक के लिए चल पड़े। लाल चौंक में पहुंचने के उपरान्त पन्द्रह मिनिट के ध्वजारोहण से पहले समारोह में प्रथम डाक्टर मुरली मनोहर जोषी ने सिकोड़े जा सकने वाले खम्भे पर कन्याकुमारी से लाया गया तिरंगा फहराया, जो उन्हें षहीद भगत सिंह और राजगुरू के भाईयों तथा अब्दुल हमीद के पुत्रों ने दिया था।


श्यामा प्रसाद मुखर्जी

इसके उपरांत लाल चौंक पर गड़े स्थायी खंभे पर एक और अषोक चक्रांकित तिरंगे का आरोहण किया गया तथा राश्ट्रगान एवं राश्ट्रीय उद्बोधन के उपरांत समारोह समाप्त हो गया। समारोह के समय भारतीय जनता पार्टी के 16 सांसद, 10विधायक, 3 राज्य इकाईयों के अध्यक्ष, तथा आधा दर्जन केसरिया वाहिनी के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। पार्टी के उपाध्यक्ष सिकन्दर बख्त और कृश्णलाल षर्मा के नेतृत्व में श्रीनगर गये इस दल में सांसद सुश्री उमा भारती, वसुन्धरा राजे, सत्यनारायण जटिया, मदनलाल खुराना और कलराज मिश्र प्रमुख थे। ठहरने के स्थान से हम एकता यात्रियों तथा पत्रकारों को लाल चौंक सीमा सुरक्षा बलों की दो बसों में ले जाया गया था। उस समय कोहरे की ष्वेत चादर में सम्पूर्ण श्रीनगर ढ़का हुआ था। ध्वजारोहण के समय श्री जोषी ने कष्मीरी टोपी तथा क्रीम रंग की फिहरन और सलवार पहनी हुई थी। यात्रियों ने नारा लगाया–''जहां हुए बलिदान मुखर्जी कह कष्मीर हमारा है।''

झंड़ा समारोहण के उपरान्त हम लोग विमान द्वारा ही जम्मू वापस आ गये कोहरे से ढ़के काष्मीर की धरती पर सुरज की सुनहरी किरणें बिखर कर वातावरण की छटा वृद्धि कर रही थी। केसर की क्यारियां, विविध कलियां एवं फूल लजा कर खिलखिला रहे थे। इस गर्जनापूर्ण अभियान में सुरक्षा बलों का मनोबल अत्याधिक बढ़ाया है। देष प्रेमियों के मन में राश्ट्रीय चेतना जागृत हुई है। विष्व जान गया है कि विष्व की कोई भी षक्ति काष्मीर को भारत से अलग नीहं कर सकती। एकता यात्रा अभियान की यह महानत्म सफलता है। मैं इस यात्रा को जीवन भर नहीं भूल सकता। ाशा, प्रान्त, धर्म से बढ़कर सर्वाधिक महत्व की बात यह है कि हम सब भारतीय हैं। अनेकता में एकता ही हमारी विषेशता है।

देषभक्ति बन अंगारा दहकी

ब्रजभूशण सिंह गौतम,
मुरादाबाद

अगर देष–हित बन अंगारा न दहके
जलन क्या कहेगी पवन क्या कहेगा
खुदीराम, गांधी, भगत, चन्द्रषेखर
अमर हो गए देष पर प्राण देकर
अगर बन षलभ दीप पर हम न झुलसे
जनम क्या कहेगा मरण क्या कहेगा–।
चकोरी विकल प्यार में चन्द्रमा के
धरा रो रही विलग आसमां से
अगर हम भ्रमर बन सुमन पर न मचले
कली क्या कहेगी चमन क्या कहेगा ।। 2।।
चले आंधिया बिजलियां चमचमाएं
प्रलय षक्ति सघन मेघ ठाएं
अगर चांद बनकर अमा में न चमके
धरा क्या कहेगी गगन क्या कहेगा ।। 3 ।।

–0–

व्यंग–गजल

मानिक वर्मा, हरदा

उठी जब कभी हुक्मे षाही की ठोकर
पड़ी बेकसों पर तबाही की ठोकर

खुद अपना मुकद्दर कभी न पढ़ पाई
कलम को पड़ी है स्याही की ठोकर

ठिठुरते बदन पर चुभन सर्दियों की
यूं लगती है जैसे सिपाही की ठोकर

ये मुजरिम बना कटघरे में खड़ा है
लगी सच को झूठी गवाही की ठोकर

हमें भी गुजरना है उस रास्ते से
